दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 37 | जयपुर | मंगलवार, 10 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

राइजिंग राजस्थान का पहला दिन

## राजस्थानियों का दिल बहुत बड़ा है, राजस्थान राइजिंग तो है ही रिलायबल भी है : पीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- राजस्थान राइजिंग तो है ही रिलायबल भी है। राजस्थान रिसेप्टिव भी है। समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। चुनौतियों से टकराने का नाम राजस्थान है। नए अवसर बनाने का नाम है राजस्थान। राजस्थान के इस आर फैक्टर में एक और नाम जुड़ गया है। राजस्थान के लोगों ने भारी बहुमत से रिस्पोंसिव रिफॉर्मिव सरकार बनाई है। जिस तरह राजस्थान का क्षेत्रफल बड़ा है, उसी तरह यहां के लोगों का दिल भी बहुत बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह करीब 10:10 बजे जयपुर पहुंचे। यहां सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन किया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तक मोदी कार्यक्रम में रहे। इसके बाद जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे और हरियाणा के लिए रवाना हुए।

### 35 लाख करोड़ का विभिन्न कंपनियों से एमओयू हुआ

स्वागत भाषण में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- समिट से पहले ही सरकार 35 लाख करोड़ का विभिन्न कंपनियों से एमओयू कर चुकी है। इसका लाभ सीधे राजस्थान और यहां के लोगों को मिलेगा। अब कृषि के साथ ही उद्योगों को भी पर्याप्त पानी मिल पाएगा। हमने पहले साल में समिट का आयोजन इसलिए किया है कि अगले 4 सालों में हम निवेश को धरातल पर उतार सकें।

### पीएम मोदी ने प्रदर्शनी में कपड़े पर हैंड प्रिंटिंग की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतापुरा (जयपुर) एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने वहां लगी प्रदर्शनी देखी और कपड़ों पर हैंड प्रिंटिंग की। सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम को वीरता के प्रतीक चंदन की लकड़ी से बनी तलवार भेंट की।



### पीएम ने कहा- इनवेस्टर को आकर्षित करता है राजस्थान

- पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान का सामर्थ्य यहां इनवेस्टमेंट के लिए आकर्षित करता है।
- राजस्थान में एक और विशेषता है। यहां सीखने का गुण है। अपना सामर्थ्य बढ़ाने का गुण है। इसलिए यहां रेतीले धोरो में भी पेड़ फलों से लद रहे हैं।
- जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापगढ़ की थेवा ज्वेलरी और भीलवाड़ा का टेक्सटाइल्स इनोवेशन।
- इनकी अलग ही शान है। मकराना के मार्बल और कोटा डोरिया (एक तरह की साड़ी) की पूरी दुनिया में पहचान है।
- नागौर के पान मेथी की खुशबू भी निराली है। आज की बीजेपी सरकार हर जिले के सामर्थ्य को पहचानते हुए काम कर रही है।

### शादी-ब्याह और जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए लोग राजस्थान आते हैं

जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत के समृद्ध भविष्य में हम टूरिज्म का बहुत बड़ा पोटेंशियल देख रहे हैं। भारत में नेचर, कल्चर, एडवेंचर, कांफ्रेंस, डेस्टिनेशन वेडिंग और हेरिटेज टूरिज्म के लिए असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र है। यहां मरू भूमि, सुंदर झीलें, खान-पान की तारीफ जितनी की जाए कम है। राजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां लोग शादी-ब्याह और जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए आना चाहते हैं। वाइल्ड लाइफ में भी राजस्थान में बहुत बड़ा स्कोप है। यहां रणथम्भौर, केवलादेव सहित कई स्थान ऐसे हैं, जो वाइल्ड लाइफ को पंसद करने वालों के लिए स्वर्ग है।

### राजस्थान में ज्वेलरी रिटेल बिजनेस का विस्तार करेगा बिड़ला ग्रुप

आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा- हमारे ग्रुप के 6 बिजनेस आज राजस्थान से जुड़े हुए हैं। इनमें 20 हजार लोग काम कर रहे हैं। अब तक 50 हजार करोड़ का निवेश हम राजस्थान में कर चुके हैं। राजस्थान में हमारी सीमेंट बिजनेस की कपैसिटी 20 मिलियन टन है। यह पूरे यूनाइटेड किंगडम (यूके) की कपैसिटी से ज्यादा है। राजस्थान में हमारे टेलीकॉम बिजनेस के 8 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। 10,500 किलोमीटर से ज्यादा हमने यहां ऑप्टिकल फाइबर बिछा रखी है। आने वाले सालों में हम इनवेस्टमेंट को बढ़ाते हुए 50 हजार करोड़ रुपए तक ले जाएंगे। इसमें सीमेंट, रिन्यूएबल, टेलिकॉम और रिटेल शामिल हैं। एक से दो साल में हम रिन्यूएबल बिजनेस में 6000 करोड़ का निवेश और करने जा रहे हैं। हम नाथद्वारा में 10 मिलियन टन सीमेंट कैपेसिटी का प्लांट लगाने के साथ ही ज्वेलरी रिटेल बिजनेस का प्रदेश में और विस्तार करने की तैयारी कर रहे हैं।



### मोदी ने कहा- 10 सालों में भारत 10 से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- राजस्थान की विकास यात्रा में आज एक और अहम दिन है।

आज दुनिया का हर इनवेस्टर, बिजनसमैन भारत को लेकर उत्साहित है। रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है, वो हर क्षेत्र में नजर आता है। आजादी के बाद 70 सालों में भारत दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया। पिछले 10 सालों में भारत 10 से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत का एक्सपोर्ट (10 साल में) भी करीब-करीब डबल हो गया है।

### पीएम ने की भजनलाल शर्मा की तारीफ

- पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान में सीएम भजनलाल और उनकी टीम ने बहुत ही कम समय में शानदार काम करके दिखाया है।
- कुछ ही दिनों में राजस्थान सरकार अपना एक साल पूरा करने जा रही है।
- सीएम भजनलाल जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है।
- गरीब कल्याण हो, किसान कल्याण हो, युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो, सड़क-पानी बिजली के काम हो। राजस्थान में हर प्रकार के विकास से जुड़े कार्य तेजी से हो रहे हैं।
- क्राइम और करप्शन को कंट्रोल करने के लिए जो तत्परता सरकार दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है।

### खनिज भंडार का बहुत बड़ा हिस्सा राजस्थान में

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत के खनिज भंडार का बहुत बड़ा हिस्सा राजस्थान में है।
- भारत ने इस दशक के अंत तक 500 गीगावाट रिन्यूवल एनर्जी कैपेसिटी बनाने का टारगेट रखा है। इसमें भी राजस्थान बहुता बड़ी भूमिका निभा रहा है।
- दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर का 250 किलोमीटर का हिस्सा राजस्थान में है। डेडिकेट कॉरिडोर जैसे आधुनिक रेल नेटवर्क का 300 किलोमीटर का हिस्सा राजस्थान में है। कनेक्टिविटी के इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा होने के कारण राजस्थान निवेश के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।
- खासतौर पर ड्राई पोर्ट्स और लॉजिस्टिक सेक्टर के लिए यहां अपार संभावनाएं हैं।

### अडाणी ग्रुप 4 नए सीमेंट प्लांट लगाएगा

- अडाणी सीमेंट के एमडी करण अडाणी ने कहा- राजस्थान में चार नए सीमेंट प्लांट लगाएंगे।
- अडाणी ग्रुप राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट अलग-अलग सेक्टर में करेगा।
- इसका 50 प्रतिशत इन्वेस्टमेंट अगले 5 साल में किया जाएगा। इसमें हम ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम डेवलप करेंगे।



## सीएम बोले- 12-15 दिसंबर तक शुरू होगी नई योजनाएं

### महिलाओं को मिलेगा 100 करोड़ का लोन, शुरू होगी मां वाउचर योजना



जयपुर।

राइजिंग राजस्थान के पहले दिन हर स्टोरी एडवाइजिंग इंक्लूसिव सोसाइटीज सेशन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी समेत देशभर से पहुंची महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसे संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज यह सेशन सिर्फ इसलिए रखा गया है कि कैसे आधी आबादी वाली जो हमारी बहनें हैं। उनके जीवन में किस तरह से परिवर्तन लाया जा सकता है। सीएम ने कहा हमारी सरकार 12 दिसंबर के दिन राजस्थान में 1 लाख 25 हजार बालिकाओं को साइकिल वितरण कर रही है। ताकि अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए आसानी से विद्यालय जाकर अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। साइकिल के साथ ही हम 21 हजार उच्च शिक्षा हासिल कर रही बालिकाओं को स्कूटी भी दे रहे हैं।

### 12 से 15 दिसंबर तक होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारी सरकार का 1 साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इसके तहत 12 दिसंबर को युवाओं के लिए, 13 दिसंबर के दिन किसानों के लिए 14 दिसंबर को महिलाओं और 15 दिसंबर के दिन मजदूरों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें उनसे संबंधित नई योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जो भविष्य में राजस्थान में लागू होने वाली है।

भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारी सरकार ने भविष्य में महिला निधि बैंक के माध्यम से 100 करोड़ रुपए का लोग महिलाओं को देने का फैसला किया है। एक लाख नई लखपति दीदियों का सम्मान किया जाएगा। 10 हजार स्वयं सहायता समूह को आजीविका वर्धन के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। 20 लाख महिलाओं को 450 रुपए में गैस का सिलेंडर देने का काम करेंगे।

### जल्द शुरू होंगी नई योजनाएं

राजस्थान की एक लाख बच्चियों को लाडो योजना के तहत प्रधानमंत्री पहली किस्त जल्द जारी करने वाले हैं। 216 नमो ड्रोन दीदी का सम्मान भी किया जाएगा। हमारी सरकार मां वाउचर योजना शुरू करने के साथ ही तीन महिला बटालियन के गठन की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही काफी योजनाएं हैं। इनकी शुरुआत 15 दिसंबर से होने जा रही है। शर्मा ने कहा- राइजिंग राजस्थान के इस मंच से मैं महिलाओं से यह आह्वान करना चाहता हूं। वह उद्यमी बने आगे आए हर क्षेत्र में आगे आते हुए काम करें। क्योंकि महिलाओं के आगे बढ़ने से हमारा परिवार, प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा।

### रुमा देवी को निवेश करते तो बन जाते मल्टी-मिलेनियर

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने आसपास देखे ऐसी कौन सी बहने हैं, जो अच्छा काम कर रही है। जिन्होंने अपना बिजनेस शुरू किया है। जो हल्लह चला रही हैं। उन्हें आप कैसे मदद कर आगे बढ़ा सकते हैं।

## राइजिंग राजस्थान में वसुंधरा बोलीं- सरकार ने अच्छी पहल की

### प्रार्थना करती हूं कि सब जल्दी जमीन पर आ जाए; किरोड़ी बोले- यहां किस रूप में आया, सीएम से पूछिए

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आज जो देखने को मिला है। उसका फल आएगा। राजस्थान पर इसका पूरा असर होगा। आज जो आप देख रहे हैं, ये जमीन पर आते ही नौकरी और इकोनॉमी के साथ राजस्थान का रंग बदलने का मौका मिलेगा। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि यह सब जल्दी से जल्दी जमीन पर आ जाए। अगले 4 सालों में राजस्थान को अच्छे से फलते-फूलते देखने का मौका मिले। पूर्व सीएम राइजिंग राजस्थान समिट के उद्घाटन के बाद मीडिया से बात कर रही थी।

राजे ने कहा- हमारा अगला कदम क्या हो सकता है? उस पर प्रधानमंत्री ने आज हमें एक खाका खींचकर दिखा दिया है। मुझे लगता है, अभी शुरुआत है। हमने एक फाउंडेशन के रूप में इसे शुरू करने का काम किया है। अगर इन कदमों पर हम चलते रहेंगे। राजस्थान नई ऊंचाइयों को छू लेगा। समिट में पहुंचे डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा से मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि इस सम्मेलन में आपको मंत्री के रूप में देखें। इस पर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि यहां किस रूप में आया, भजनलाल शर्मा से पूछ लेना। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में उत्सव जैसा माहौल है, जैसे दीवाली और होली पर होता है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- प्रदेश में निवेश आएगा तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राजस्थान के लिए यह श्रेष्ठ काम प्रधानमंत्री की ओर से किया गया है। पूर्वी राजस्थान में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे बन चुका है। ईआरसीपी का काम तेज गति से चल रहा है। ईआरसीपी में 15% प्रावधान इंडस्ट्री के लिए भी रखा गया है। जिससे पूर्वी राजस्थान को विशेष फायदा मिलेगा।






सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# फर्जी रजिस्ट्री बनाने के मामले में तीन माह से फरार चल रहे ईनामी आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री बनाकर इकरार नामा बनाने के आरोप मे तीन माह से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना इचाँर्ज बाबूलाल मीणा के मुताबिक गत 04.सितम्बर को परिवादी नोरतमल यादव पुत्र रामचन्द्र निवासी श्योसिंहपुरा को आरोपी ने राहुल प्रजापत निवासी तेज्याका बास ने प्लाट न0 05 श्याम नगर फुलेरा का फर्जी इकरारनामा कर एक लाख रूपये ले लिये एवं राहुल प्रजापत द्वारा इकरारनामा से पूर्व फर्जी रजिस्ट्री तैयार की हुई परिवादी नोरतमल यादव को दे दी। इस बाबत परिवादी ने आरोपी के खिलाफ थाने मे मामला दर्ज कराने पर पुलिस ने पडताल कर आरोपी को पकडना चाहा. इस बीच राहुल प्रजापत अपने घर से फरार हो गया, । आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु अनुपम मिश्रा आरपीएस वृताधिकारी वृत सांभरलेक के सुपरविजन में तथा बाबूलाल उ.नि. थानाधिकारी फुलेरा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा दिनांक 08.दिसम्बर को मुल्जिम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।आरोपी को गिरफ्तार करने मे स. उ. नि कैलाशचन्द . कांस्टेबल रतनलाल विश्वेन्द्र कुमार , प्रकाशचन्द समुन्द्र सिह की विशेष भुमिका रही।

# जियोभारत फोन के दम पर राजस्थान में ज़ोर पकड़ रहा है '2जी मुक्त भारत' अभियान

## भारत का सबसे किफायती 4जी डिवाइस सिर्फ 699 रुपए में उपलब्ध



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान में रिलायंस जियो का '2जी मुक्त भारत अभियान' तेज़ी से लोकप्रिय हो रहा है। प्रदेश के सभी जिलों और तहसील मुख्यालयों में 1.4 करोड़ 2जी उपभोक्ताओं को 4जी नेटवर्क पर अपग्रेड करने के लिए समय-समय पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अभियान में जियोभारत 4जी फोन विशेष रूप से मददगार साबित हो रहा है। कंपनी, जियोभारत 4जी फोन की मदद से प्रदेश के उन उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहती है जो अब भी 2जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

जियोभारत 4जी फोन महज 699 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है और इसे 123 रुपए के मासिक रिचार्ज के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। जियो का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं को 4जी नेटवर्क से जोड़कर डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। जियोभारत फोन में 455 से अधिक लाइव टीवी चैनल, मूवीज़, डिजिटल पेमेंट्स (यूपीआई), और क्यूआर कोड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। श्री मुकेश अंबानी के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान का लक्ष्य ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले लोगों को डिजिटल दुनिया से जोड़ना है।

# कल्याण ज्वैलर्स ने लिमिटेड एडिशन वाला 'पुष्पा' कलेक्शन पेश किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/** राष्ट्रीय। भारत के सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने चर्चित फिल्म पुष्पा से प्रेरित आभूषणों का लिमिटेड एडिशन वाला पुष्पा कलेक्शन पेश किया है। पुष्पा 2 की बहुप्रतीक्षित रिलीज से ठीक पहले जारी इस कलेक्शन में आभूषण प्रेमियों को मिलते हैं बोल्ड, उत्तम डिजाइन वाले बेमिसाल गहने।

सोने में तैयार और अनकट डायमण्ड, मदर-ऑफ-पर्ल और अर्ध-कीमती पत्थरों से जड़ा हुआ, पुष्पा संग्रह दरअसल प्रकृति की सुंदरता को एक अलग ही अंदाज़ में प्रस्तुत करता है। संग्रह का प्रत्येक आभूषण कल्याण ज्वैलर्स की उत्कृष्ट कृतियों को बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये ऐसे आभूषण हैं, जिन्हें कारीगरी का बेमिसाल नमूना कहा जा सकता है। पुष्पा 2 की नायिका रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस संग्रह को जारी किया, जहां उन्होंने फिल्म से प्रेरित ज्वैलरी लाइन के बारे में अपनी उत्सुकता को साझा किया। कल्याण ज्वैलर्स के चुनिंदा शोरूम पर विशेष रूप से उपलब्ध, पुष्पा कलेक्शन उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो अपने जुनून को गर्व के साथ धारण करते हैं। चाहे कोई खास अवसर हो या रोज़ाना पहनने के लिए, ये पीस फिल्म की भावना को दर्शाते हैं, जो उन्हें किसी भी आभूषण प्रेमी के कलेक्शन के लिए एकदम सही बनाते हैं।

# सामुदायिक भवन के सामने पक्का फर्श बनाने को लेकर बलाई समाज पूर्व विधायक से मिला

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** बलाई समाज विकास परिषद, फुलेरा के तत्वाधान में बलाई समाज का एक शिष्टमंडल नगरपालिका पार्षद श्रवण वर्मा, त्रिलोक चंद भाटी, जितेन्द्र वर्मा, एडवोकेट अभिषेक वर्मा के नेतृत्व पूर्व विधायक निर्मल कुमावत से उनके निवास पर मिलकर बलाई समाज सामुदायिक भवन पुराना फुलेरा बिचून रोड़ के सामने सार्वजनिक चौक के फर्श को पक्का करवाने को लेकर मिला। पूर्व विधायक ने यह कार्य शीघ्र करवाने के लिए नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश देकर इस कार्य को शीघ्र करवाने को कहा।

# पहले दिन के कंट्री सेशन में निवेश पर हुआ गहरा मंथन

## संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा जापान और राजस्थान की पार्टनरशिप होगी और अधिक मजबूत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के पहले दिन हुए कंट्री सेशन (जापान) में वर्सेटिलिटी ऑफ इंडस्ट्रीज-मैन्युफैक्चरिंग एंड बियोंड विषय पर जापान और राजस्थान के जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों और निवेशकों ने विस्तार से मंथन किया।

विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि जापान के साथ राजस्थान के साथ लगभग डेढ़ दशक पुराने रिश्ते रहे हैं। जायका और जेट्रो कई वर्षों से राज्य के साथ जुड़कर बेहतरीन काम कर रहे हैं। नीमराना में जापान की करीब 48 कंपनियों के द्वारा अच्छा निवेश किया है। उन्होंने बताया कि कंपनियों को निवेश का बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार नए डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर बना रही है। आने वाला वर्षों में दोनों देशों के मध्य निवेश का रिश्ता और अधिक मजबूत होगा।

जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त एवं जापान की ऑफिसर इंचार्ज श्रीमती आनंदी ने कहा कि राज्य सरकार ने जापानी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए इंडस्ट्रियल पार्क, डेडीकेटेड कोरिडोर बनाने के साथ सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। जापानी कंपनियों का प्रदेश के प्रति अटूट विश्वास और गहरा रिश्ता भी है। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए कई अन्य क्षेत्रों में खासी गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि जापान का रोबोटिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोकेमिकल में सहयोग राज्य के लिए बेहतर परिणाम देगा।

भारत में जापान के राजदूत श्री किची ओनो ने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा जापानी कंपनियों को निवेश का बेहतर माहौल उपलब्ध करवाया है। 2014 के बाद जापानी निवेश न केवल देश बल्कि राजस्थान में भी बढ़ा है। भारत में होने वाले निवेश का 5 प्रतिशत राजस्थान में होता है। जापान कंपनियां आने वाले दिनों में रिन्यूएबल एनर्जी और रोबोटिक्स में निवेश करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सोलर प्रॉमिसिंग एरिया है कंपनियां इसमें भी निवेश करने से नहीं चूकेंगी।




सेशन में एमपिन एनर्जी ट्रांजैक्शन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक श्री पिनाकी भट्टाचार्य ने वर्सेटिलिटी ऑफ इंडस्ट्रीज-मैन्युफैक्चरिंग एंड बियोंड विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कैंडी सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सूद ने इंपॉर्टेंस ऑफ फाइनेंसिंग ऑप्शंस फॉर सोलर अडॉप्शन इन इंडस्ट्रीज के बारे में बताया ओर इस बारे में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस बीच इन्वेस्ट इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती निवृति रॉय और जेट्रो के मा मुख्य प्रबंधक तकाशी सुजुकी ने अपने अपने अनुभव साझा किए। सेशन के मॉडरेटर अभिनव बांठिया रहे।

# केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर सैनी समाज ने रोगियो को फल वितरण किये

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के माली सैनी समाज अध्यक्ष तैजकरन सैनी ने राज्य के सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री और वर्तमान जैतारण विधायक अविनाश गहलोत का जन्मदिन सोमवार को धूमधाम से मनाया ।

कार्यक्रम मे समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात राजकीय उप जिला चिकित्सालय फुलेरा में प्रात: 11ः15 बजे फलों का वितरण किया।सैनी समाज संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी के मुताबिक मंत्री गहलोत ने किसान वर्ग में जन्म लेकर प्रत्येक वर्ग, किसान, गरीब , मजदूर और मातृ शक्तियों के लिए कार्य किया है। जो सैनी समाज के लिए गौरव की बात है। उपस्थित मरीजों ओर उनके परिजनों ने भी मंत्री गहलोत के जन्मदिन पर दीर्घ आयु की कामना की।। इस पर उप जिला चिकित्सालय प्रभारी




डॉक्टर संजय शर्मा, संस्था के कोषाध्यक्ष गणेश खडोलिया , शिक्षाविद बी सी माली, योगेन्द्र गहलोत, सत्यनारायण पातरिया, पिंटू गढ़वाल, बलराम सैनी, पांचुलाल सतरावला , प्रेमचंद सैनी, सुरेश सांखला, श्यामलाल सैनी, नन्द किशोर, प्रदीप सैनी, शंकरलाल, जगदीश सैनी, राहुल, गीता देवी, बसंत सैनी, सुनीता सैनी, पूजा भाटी, मीना सैनी, गायत्री सैनी, खुशी सहित कई प्रबुद्धजन और मातृ शक्तियां मौजूद रही।

# अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पर खरी उतरेगी दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी : विधानसभा अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और उन्हें सुगम प्रशासन देना राज्य सरकार का दायित्व है। इस दायित्व के निर्वहन के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। किसी भी अपराधी और असामाजिक तत्व को आमजन की सुरक्षा व शांति में खलल डालने नहीं दिया जाएगा। दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी भी पुलिस के आप्त वाक्य अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पर खरी उतरेगी। यह चौकी क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर में दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि दरगाह सम्पर्क सड़क एवं इसके आसपास के इलाकों में आमजन की ओर से लगातार यह शिकायतें आती रही हैं कि असामाजिक तत्व आते जाते लोगों व क्षेत्र में रहने वालो को परेशान करते रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई में भी समय-समय पर इस इलाके में अपराधियों की शरण व गतिविधियां सामने आती रही है। इस कारण लम्बे समय से पुलिसिंग को बेहतर बनाने की दिशा में काम चल रहा था। पिछले विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री से इस सड़क पर पुलिस का स्थाई इंतजाम करने के लिए आग्रह किया गया और उन्होंने यहां पर पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मंजूरी दे दी। देवनानी ने कहा कि दरगाह सम्पर्क सड़क पूर्व मुख्यमंत्री श्री भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में बनाई गई थी। इस सड़क का उद्देश्य यह था कि दरगाह जियारत पर आने वाले वीआईपी लोगों व आगे के क्षेत्रों में लोगों को आवागमन के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मिले। साथ ही आमजन या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा के दौरान सरकारी संसाधनों को बिना बाधा के आगे के क्षेत्रों में पहुंचाया जा सके। यह सड़क अपने उद्देश्य में सफल भी रही। बाद के वर्षों में पहाड़ियों पर अवैध कब्जों और शरण लेकर यहां रहने वाले अपराधियों के कारण आमजन में डर बना। इस सड़क व आबादी को पूर्णत: सुरक्षित करने के लिए यह चौकी बनाई जा रही है। यहां चौकी बनने से क्षेत्र की पुलिसिंग और ज्यादा मजबूत होगी। चौकी आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय के अपने मूलमंत्र पर खरी उतरेगी। देवनानी ने कहा कि इस चौकी के बनने से आसपास के क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों व अपराधियों पर अंकुश लगेगा तथा कानून का इकबाल बुलंद होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क का नव निर्माण व अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण पर उनके आग्रह पर ही किया गया था। इसके साथ ही यहां पर सामुदायिक भवन भी बनवाया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि चौकी का निर्माण तय समय सीमा में करवाया जाए। साथ ही यहां पर पूरी तरह से मुस्तैद व सख्त पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए ताकि आमजन निर्भय होकर रह सके।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी के लिए वाउचर..

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर दिये गए साथ ही अन्य जाँच व उपचार किये गए । उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।



# वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने किया वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन 2024 के मेडल का लॉन्च

## फिनिशर्स मेडल उच्च-गुणवत्ता वाले जिंक से बनाया गया है, जिसे हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, एक वेदांता ग्रुप कंपनी, द्वारा ज़ावर माइंस से प्राप्त किया गया है

जयपुर,। बढ़ता राजस्थान

वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन (वीपीसीएचएम) के नौवें संस्करण का आयोजन 15 दिसंबर को जयपुर में किया जाएगा। वेदांता द्वारा समर्थित और एनीबॉडी कैन रन (एबीसीआर) द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ रनफॉरजीरोहंगर के उद्देश्य का समर्थन करने का प्रयास करता है। सोमवार को जयपुर के ताज रामबाग पैलेस होटल में इस मैराथन के फिनिशर मेडल का अनावरण वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया। फिनिशर मैडल प्रत्येक प्रतिभागी की कड़ी मेहनत और दौड़ने के उत्साह का सम्मान और जश्न मनाता है । ये उच्चतम श्रेणी के जिंक से बना है जो उदयपुर की जावर माइंस से आता है। ये राजस्थान की विरासत में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी खदान है। जिंक का उत्पादन भारत की अग्रणी जिंक उत्पादक - वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा किया गया है।

इस मैराथन में प्रतिभागियों के दौड़े गए हर किलोमीटर के लिए, वेदांता अपनी सामाजिक प्रभाव शाखा, अनिल अग्रवाल फ़ाउंडेशन (आफ) के माध्यम से बच्चों और पशुओं को भोजन प्रदान कर पोषित करेगी। इस पहल के लाभार्थियों में भारत भर में आधुनिक आंगनवाड़ियों के नेटवर्क नंद घर के बच्चे और द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) द्वारा समर्थित पशु शामिल हैं, जो एक अनूठी पशु कल्याण परियोजना है जिसका उद्देश्य पशुओं का कल्याण और उनकी रक्षा करने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, चिकित्सा सेवाएं, प्रशिक्षण सुविधा और आश्रय प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में देशभर से 15,000 से अधिक प्रतिभागियों के तीन श्रेणियों, 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर की कूल रन और 5 किलोमीटर की ड्रीम रन में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इस आयोजन में कई प्रसिद्ध हस्तियां भी भाग लेंगी, जो इसे जयपुर के वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर का एक प्रमुख आकर्षण बनाती हैं। वेदांता का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वेदांता ग्रुप, अपनी सहायक कंपनियों हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और केयर्न ऑयल एंड गैस के माध्यम से, राजस्थान में सतत विकास, आर्थिक और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में बहुआयामी प्रभावशाली योगदान कर रहा है। केयर्न ऑयल एंड गैस भारत की सबसे बड़ी निजी तेल और गैस अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारत के कुल घरेलू कच्चे तेल उत्पादन का 25त्न से अधिक योगदान देती है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड विश्व की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी है, जो संचालन उत्कृष्टता, नवाचार और पर्यावरण, सामाजिक और शासन प्रथाओं में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका के लिए प्रसिद्ध है।



# सार्वजनिक पार्क की स्वच्छता के लिए रोटरेक्टर्स ने की पहल



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या द्वारा आम्रपाली नगर स्थित सार्वजनिक पार्क में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य हमारे उद्यानों की स्वच्छता बनाए रखना और स्वच्छता हेतू जन जागरुकता फैलाना था। रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष रोटरेक्टर शमील शेख ने बताया कि हमारें उद्यान तथा सार्वजनिक स्थान हमारी सामूहिक धरोहर हैं, जिन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। जब हम अपने आसपास के पर्यावरण को साफ रखते हैं तो हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है और हम प्रकृति के प्रति सम्मान भी व्यक्त करते हैं। प्रोग्राम चेयरमेन रोटरेक्टर प्रीत गर्ग ने बताया कि सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम कचरा फैलाने से बचेंगे, अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे, और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। एक साफ-सुथरा उद्यान पर्यावरण को बेहतर बनाने के साथ ही यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस सफाई अभियान में रोटरेक्टर दिक्षा सुथार, रोटरेक्टर चाहत माली, रोटरेक्टर हर्षिता राणा, रोटरेक्टर मितांशी पालीवाल, रोटरेक्टर अंजलि डांगी, रोटरेक्टर योगेश सुथार, रोटरेक्टर कनिश्का पाटवा, रोटरेक्टर लविश सोलंकी, रोटरेक्टर कुशाल नलवाया, रोटरेक्टर किशोर गोयल एवं अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय रुप अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

# लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष कल करेंगे 80 लाख के डायलिसिस प्रोजेक्ट का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** विश्व के सबसे बड़े सेवाभावी संगठन लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के अध्यक्ष ब्राजील के फेब्रिशियो ऑलीवीरा व उनकी पत्नी एमरीलैस ऑलीवीरा दो दिवसीय यात्रा पर 11 दिसम्बर को उदयपुर पंहुचेंगे। लायन्स क्लब द्वारा संचालित किया जाने वाला यह राज्य का पहला डायलिसिस सेन्टर है। लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व निदेशक लायन डॉ वी.के.लाडिया ने बताया कि जहां वे लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय फाउण्डेशन , पेसिफिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं शहर के करीब 25 दानदाताओं के सहयोग से हिरणमगरी से. 4 स्थित लायन्स भवन में स्थापित 80 लाख की लागत से निर्मित डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन करेंगे। इस सेन्टर में 6 मोर्डर्न डायलिसिस मशीनें लगायी गई है। इस सेन्टर में असहाय,निर्धन एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल किडनी रोगियों का नि:शुल्क डायलिसिस किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहर का यह पहला इतना बड़ा प्रोजेक्ट है जो किसी भी स्वयं सेवी संस्था द्वारा अपने भवन में स्थापित किया गया है और इस प्रोजेक्ट के उद्घाटन के लिये शहर मे पहली बार लायन्स क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे है। इस सेन्टर का प्रबन्धन भीलों का बेदला स्थित पेसिफक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल द्वारा किया जोयगा। यहां पर पीएमसीएच के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष सोनी व उनकी टीम द्वारा किडनी रोगियों का डायलिसिस किया जायेगा। उद्घाटन समारोह के विशिष्ठ अतिथि पीएमसीएच के संस्थापक एवं चेयरमैन राहुल अग्रवाल होंगे।

लायन्स क्लब के मल्टीपल कोन्सिल के पूर्व चेयरमैन लायन अरविन्द शर्मा ने बताया कि लायन्स क्लब विश्व का सबसे बड़ा सेवा भावी संगठन है जो 209 देशों में करीब 14 लाख सदस्यों व 49 हजार क्लबों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पंहुच कर जरूरतमंदो की सेवा कर रहा है। शहर में लायन्स क्लब द्वारा महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय सहित शहर के अनेक स्थानों पर स्थायी सेवा कार्य संचालित किये जा रहे है जिससे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे है।

# राइजिंग राजस्थान समिट प्रदेश की विकास यात्रा का एक अहम दिन : प्रधानमंत्री

## उद्यमियों ने देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में हुई राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सीधा प्रसारण

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चूरू के चंदन शिल्पी विनोद जांगिड़ की बनाई कलाकृति भेंट कर किया प्रधानमंत्री का स्वागत





बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश लाटा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सीधा प्रसारण यहां पेंशनर भवन में आयोजित कार्यक्रम में देखा गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़, केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल मोरवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राइजिंग राजस्थान को राजस्थान की विकास यात्रा का एक अहम दिन बताया और कहा कि पिछले दस साल में भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले कई सालों तक भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश रहने वाला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की पहल राइजिंग राजस्थान से निवेशकों में उत्साह है। जब राजस्थान नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा तो भारत को भी नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार ने थोड़े से समय में जोरदार काम कर दिखाया है। उन्होंने राजस्थान की उद्योग संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारत के खनिज भंडार का बड़ा हिस्सा राजस्थान में है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान विकसित भारत और विकसित राजस्थान के सपनों को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान अनिल अग्रवाल, कुमार मंगलम बिड़ला सहित देश के नामचीन उद्यमियों ने विचार व्यक्त किए और राइजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य में आ रहे बदलाव को उत्साहजनक बताया। इस दौरान उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक उद्योग आयुक्त उजाला ने आभार जताया। कार्यक्रम में ओम सारस्वत, एडीपीआर कुमार अजय, डीडीआईटी नरेश टुहानिया, सहायक उद्योग आयुक्त उजाला, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, श्रीराम पीपलवा, दशरथ कुमार सेन, दौलत तंवर, नरेंद्र काछवाल सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्यमी मौजूद रहे। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि 10 दिसंबर मंगलवार को जयपुर में प्रवासी राजस्थानियों का कॉन्क्लेव होगा तथा 11 दिसंबर बुधवार को एमएसएमई कॉन्क्लेव होगा, जिसका सीधा प्रसारण चूरू जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभाकक्ष में किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़वासर की सुमन देवी से किया संवाद

### चूरू जिले के लिए गौरव के क्षण

जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चूरू जिले के लिए गौरव के अनेक क्षण आए। जिले के गांव कड़वासर की सफल उद्यमी कड़वासर के मीनाक्षी स्वयं सहायता समूह की सदस्य बीडीएसपी सुमन देवी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। इस दौरान सुमन देवी ने समूह द्वाराकिए जा रहे कार्यों, महिलाओं द्वारा बनाए उत्पादों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू के चंदन शिल्पी विनोद जांगिड़ द्वारा बनाई गई अनूठी कलाकृति चंदन की तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने की वेदांता हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा विश्व के पहले ज़िंक पार्क की घोषणा

## वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने राइजिंग राजस्थान 2024 में दुनिया के पहले ज़िंक पार्क की योजनाओं का किया अनावरण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में विश्व की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत ज़िंक उत्पादक वेदांता की हिन्दुस्तान ज़िंक ने राजस्थान में दुनिया के पहले औद्योगिक ज़िंक पार्क के योजना की ऐतिहासिक घोषणा की । प्रदेश के औद्योगिक भविष्य में इस महत्वपूर्ण क्षण के अवसर पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, और वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

वेदांता समूह के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल ने वेदांता के राजस्थान में ज़िंक, ऑयल एण्ड गैस तथा रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्रों में 1 लाख करोड़ रुपये के नए निवेश में ज़िंक पार्क को महत्वपूर्ण बताया। महत्वाकांक्षी गैर-लाभकारी ज़िंक पार्क एक परिवर्तनकारी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करेगा, जो मेटल्स और मैन्यूफैक्चरिंग में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों उद्योगों को आगे बढ़ाएगा। समारोह के दौरान हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेबबार और हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा भी मौजूद थे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक पहल के महत्व को रेखांकित किया। प्रस्तावित जिंक पार्क हिन्दुस्तान ज़िंक की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया में दुनिया का सबसे बड़ा ज़िंक-लेड स्मेल्टर और दरीबा और देबारी में श्रेष्ठ तकनीक से संचालित स्मेल्टर के पास होगा। इससे हजारों रोजगार का सृजन और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, विकसित औद्योगिक भूमि, विश्वसनीय उपयोगिताएं, कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति और प्रतिस्पर्धी लागत प्रदान करेगा, जिससे व्यवसाय निर्बाध रूप से अपना संचालन कर सकेंगे। पार्क पूर्ण रूप से रिन्यूएबल एनर्जी पर संचालित होगा, जो हिन्दुस्तान ज़िंक की सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



यह बड़े उद्यमों से लेकर एमएसएमई और नये उद्यमियों के उद्योगों के लिए 5 करोड़ रुपये से कम के शुरुआती निवेश के साथ व्यापक मंच प्रदान करेगा, जो ज़िंक, लेड और सिल्वर तथा संबंधित सहउत्पाद की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की आवश्यकता की पूर्ति करेगा। इसके अतिरिक्त, पार्क सप्लायर्स, रॉमटेरियल, मेनटेंनेन्स सर्विस और इक्विपमेंट सप्लायर्स के लिए लागत प्रभावी और संसाधन-कुशल वातावरण प्रदान करेगा।

# गुजरात की चित्रकार मौलिका देसाई द्वारा बनाई गई चित्र प्रदर्शनी प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** चित्रकार मौलिका देसाई द्वारा बनायी गई पेन्टिंग्स की प्रदर्शनी बागोर की हेवली स्थित कलीवीथी में प्रारम्भ हुई। इन पेन्टिंग्स में वडोदरा की ऐतिहासिक मूर्तियों वास्तुकला, इमारतों और अन्य स्मारकों को दर्शाया है। बडोदरा के गोत्री क्षेत्र की कलाकार मौलिका देसाई द्वारा बनाई गई 40 पेंटिंग्स की प्रदर्शनी गुजरात राज्य ललित कला के सहयोग से 12 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन ख्यातनाम चित्रकार शैल चोयल,फड चित्रकार कल्याण जोशी, जैन सोश्यल ग्रुप अनंता की अध्यक्ष शिल्पा नाहर,सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक कमलेश शर्मा,आर्किटेक्ट सुनील लढ़ा,कार्यक्रम अधिकारी हेमंत मेहता ने किया। इस अवसर पर मौलिका देसाई ने कहा कि उन्होंने अब तक अनेक प्रदर्शनी आयोजित की है। यह उनकी तीसरी एकल प्रदर्शनी है। जिसमें कैनवास पर तेल, ऐक्रेलिक सहित वॉटर कलर समेत विभिन्न माध्यमों से बनी करीब 40 पेंटिंग प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में मौलिका देसाई ने राजस्थान की फड पेंटिंग को समकालीन कला शैली में नए ढंग से ढालने का प्रयास किया है। इसके अलावा कीर्तिमंदर, लक्ष्मी विलास पैलेस, वडोदरा सेंट्रल, सोसायटी, गोत्री की इस्कॉन हाइट्स और अन्य आकर्षण सहित वडोदरा शहर की ऐतिहासिक विरासत को दिखाया गया है। मौलिका ने अपने पति भावेश देसाई के साथ यात्रा के अनुभवों को भी अपनी पेंटिंग में कैद किया है। फड पेंटिंग राजस्थान की एक पारंपरिक कला शैली है। जिसे मैंने साड़ी, कुर्ता समेत फैब्रिक पर भी डिजाइन किया है।

# कड़ाके की ठंड के बीच डेढ़ घंटे पहले जन्मी बच्ची को पालने में तड़पता हुआ छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** भीलवाड़ा जिले में एक बार फिर मानवता को शर्मशार कर देने वाली खबर सामने आई है, जहां कड़ाके की ठंड के बीच डेढ़ घंटे पहले जन्मी बच्ची को अज्ञात को माता द्वारा अल सुबह एमजी अस्पताल परिसर में बने पालने में तड़पता हुआ छोड़ दिया गया।



जानकारी के अनुसार जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय में बने पालने ग्रह में अज्ञात कुमाता द्वारा डेढ़ घंटे पहले जन्मी एक बच्ची को सोमवार की अल सुबह अंधेरे का फायदा उठा कर छोड़ दिया गया। पालने में नवजात बच्ची को छोड़ने के बाद जैसे ही पालन ग्रह की घंटी बजी मेडिकल स्टाफ तत्काल पालना गृह पहुंचा, जहां रोती बिलखती एक मासूम नवजात बच्ची मिली, मासूम बच्ची को तत्काल एनआईसीयू में भर्ती करवाया गया है। चिकित्सालय स्टाफ का कहना है बच्ची का वजन एक से डेढ़ किलो के बीच है और उसका जन्म छोड़े जाने से एक से डेढ़ घंटे पहले ही हुआ था। अज्ञात कुमाता द्वारा उसे अल सवेरे अंधेरे का फायदा उठाकर एमजी के पालना गृह में छोड़ा गया था, जिसका फिलहाल उपचार जारी है।

# बांग्लादेश में लोकतंत्र पर हो रहे कुठाराघात व हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** लोकतंत्र रक्षा मंच ने आज बांग्लादेश में लोकतंत्र पर हो रहे कुठाराघात व हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु भारत सरकार द्वारा अचित कार्यवाही किये जानें के सन्दर्भ में प्रधानमंत्री व केन्द्रीय गृहमंत्री के नाम जिला कलेकटर को ज्ञापन दिया। संभाग संयोजक दलपत दोशी ने बताया कि ज्ञापन में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दओं व इस्कान समाज पर जुल्म एवं अत्याचार, आगजनी, बलात्कार ,हत्याएं आदि का उल्लेख किया गया।

# भीलवाड़ा राजस्थान की बेटी अविष्का मानसिंहका ने 62वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में जीते रजत और कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** मेसूरु में आयोजित 62वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान की अविष्का मानसिंहका ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक जीते। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 20 से अधिक राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अविष्का, जो कांचीपुरम भीलवाड़ा निवासी अजय मानसिंहका और द्रोपदी मानसिंहका की पौत्री एवं विनय मानसिंहका और खुशबू मानसिंहका की बेटी हैं, ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। अविष्का की इस जीत ने राज्य में खेलों के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन का संदेश दिया है। अविष्का ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और परिवार के सहयोग को दिया है। उनके परिवार ने उनकी कड़ी मेहनत और लगन को सराहा और इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। यह उपलब्धि आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा है और इसने राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

# आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के लिए मांगे नि:शुल्क आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार एवं राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, जयपुर की ओर से मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के लिये नि:शुल्क आवेदन शुरू हो गये है जिसमें 10 वी पास व 16 से 40 वर्ष तक की बालिकाएं व महिलाएं आवेदन कर सकती है योजना के तहत आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स की अवधि 132 घंटे यानी 3 माह की होगी। जिसके लिये बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जायेगी। आवेदकों का चयन विभाग के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर विभागीय निर्देशानुसार वरीयता सूची के आधार पर होगा।

# राजस्थान शराब ठेकेदार यूनियन ने भरी हुंकार

## सरकारी शोषण नहीं सहेंगे ठेकेदार, भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी घोषित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** राजस्थान शराब ठेकेदार यूनियन (रजि.) के प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनखड की अध्यक्षता में भीलवाड़ा जिले के राजकीय अनुज्ञाकारी शराब ठेकेदारों की बैठक सुवालका छात्रावास आजाद नगर में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनखड़ ने सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व शराब ठेकेदारों से मिल रहा है। उसके बावजूद आवश्यक पेनल्टीया लगाकर ठेकेदारों का आर्थिक शोषण किया जा रहा हैं। पुलिस विभाग द्वारा भी सरकारी शराब की दुकानों पर बेवजह हस्तक्षेप करने का मुद्दा भी ठेकेदारों ने उठाया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष भारत सुवालका ने शराब ठेकेदारों के हितों के लिए, एकजूट होकर आंदोलन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित ठेकेदारों की सर्वसम्मति से भीलवाड़ा शराब ठेकेदार यूनियन का गठन किया गया।



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड प्रथम, जयपुर**

सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज.), फोन : 0141-2229737

क्रमांक : 1960 दिनांक : 4.12.2024

**निविदा सूचना संख्या 39 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्वास्थ्य भवन, जयपुर में विभिन्न 3 कार्यो हेतु (अधिकतम लागत रू. 4.95 लाख) हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों / अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के अनुभवी संवेदकों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण डीआईपीआर की वेबसाइट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in व विभागीय वेबसाइट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN
1. NRH2425WSOB01652
2. NRH2425WSOB01653
3.NRH2425WSOB01654

अधिशाषी अभियंता
चि. एवं स्वा. खण्ड प्रथम
जयपुर

**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER WCDC ZILA PARIHAD TONK**

No. :- 1592 Date :- 06/12/2024

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No. 02 YEAR 2024-25**

Bids for (09 Packages) Construction work of Anicut And Nadi With Westweire PMKSY 2.0 Block Newai, Tonk work of estimated value INR 147.25 Lacs are invited from interested bidders up to 16-12-2024, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state. **UBN WSC2425WS0B00788**

Raj.Samwad/C/24/8839 SE & PM, WCDC, ZP, TONK

## सम्पादकीय

# सीरिया में बढ़ता संकट, पड़ोसी देशों के लिए भी सबक

**आखिरकार विद्रोहियों ने सीरिया पर कब्जा कर लिया और वहां के शासक बशर अल असद को देश छोड़ने के लिए विवश किया। विद्रोहियों के संगठन ह्यात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों ने जिस बिजली की गति से सीरिया की राजधानी दमिश्क को अपने कब्जे में ले लिया, वह हैरान करने वाला है।**

इस संगठन के लड़ाकों ने 27 नवंबर से अपना अभियान शुरू किया था और पहले अलेप्पो शहर पर कब्जा जमाया और इसके बाद एक के बाद एक शहरों को अपने नियंत्रण में लेते गए और अंततः दमिश्क भी जा पहुंचे। अलेप्पो से लेकर दमिश्क तक उन्हें जिस तरह किसी कड़े प्रतिरोध का सामना नहीं करना पड़ा, उससे यही स्पष्ट होता है कि सीरिया की सेना कमजोर पड़ चुकी थी।

सीरिया के लोगों ने विद्रोही लड़ाकों का जिस उत्साह के साथ स्वागत किया, उससे यह भी पता चलता है कि बशर अल असद कहीं अधिक अलोकप्रिय हो गए थे। इस अलोकप्रियता का कारण उनका सीरिया पर निर्मम ढंग से शासन करना रहा। सीरिया लगभग 13 सालों से अस्थिरता और अशांति से जूझ रहा है।

वह विद्रोही गुटों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ताकतों का अखाड़ा भी बना हुआ है। एक ओर जहां रूस और ईरान असद सरकार के समर्थन में खड़े थे, वहीं दूसरी ओर तुर्किये, अमेरिका और इजरायल असद सरकार का पतन चाह रहे थे। इस बार ईरान और रूस असद की सहायता इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि जहां ईरान इजरायल के साथ उलझा हुआ है, वहीं रूस यूक्रेन में फंसा हुआ है। सीरिया में विद्रोहियों का कब्जा ईरान के लिए बड़ा झटका है। इसमें संदेह है कि सीरिया में अपने समर्थन वाली सरकार के पतन के बाद ईरान चैन से बैठेगा। भले ही विद्रोही बिना किसी बड़े रक्तपात के सीरिया में काबिज हो गए हों, लेकिन वहां स्थायी रूप से शांति कायम होने के आसार इसलिए कम हैं, क्योंकि तुर्किये सीरिया को अपने ढंग से चलाना चाहता है। इसके अतिरिक्त सीरिया के एक हिस्से पर काबिज कुर्द लड़ाके अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं, जबकि तुर्किये उन्हें अपने लिए खतरे के रूप में देखता है। सीरिया में अशांति और अस्थिरता का खतरा इसलिए भी दिख रहा है, क्योंकि हयात तहरीर अल-शाम में वस्तुतः वही लड़ाके हैं जो कभी अलकायदा और इस्लामिक स्टेट के साथ थे। यदि यह संगठन सीरिया में शांति एवं स्थिरता लाने के बजाय अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाने की कोशिश करता है तो इजरायल और कुर्द विद्रोहियों के साथ उसका टकराव तय है। अब पश्चिम एशिया के देशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि हयात तहरीर अल-शाम का सीरिया पर कब्जा जिहादी तत्वों के मनोबल को बढ़ाने का काम न करे। चूंकि इसकी भरी-पूरी आशंका है कि सीरिया में जो कुछ हुआ, उससे दुनिया भर के जिहादी संगठन बेलगाम हो सकते हैं इसलिए भारत को सतर्क रहना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि पाकिस्तान में तो ऐसे संगठनों की सक्रियता है ही, बांग्लादेश में भी वे सिर उठाते दिख रहे हैं।

# बीमा सखी योजना 2024 - ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मील का पत्थर साबित होगी

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर भारत की बौद्धिक क्षमता कार्यकुशलता की प्रतिष्ठा को, रेवड़ी योजनाओं के प्रहार से हमला किया जा रहा है, या यूं कहें कि रेवड़ी प्रचलन बौद्धिक क्षमता को जंग लगाने का काम कर रहा है क्योंकि स्वाभाविक है जिसको घर बैठे डीबीटी से पैसा मिल जाए 5 किलो प्रति मेंबर अनाज और परिवार को 1 किलो दाल मिल जाए तो वह अपना दिमाग क्यों खापाएगा इसका सटीक उदाहरण मैंनें प्रैक्टिकल देखा कि झाड़ के पत्तों की पत्तल बनाने वाली एक महिला कारीगर से मैंने जो पत्तल 40-50 रुपए बंडल मिलती थी, वह 150 रुपए बंडल देने की बात मैंने कही तो भी,उन्होंने बनाने से इंकार किया क्योंकि उसे लाडली बहन योजना से 1500 रूपए प्रतिमाह व राशन का अनाज मिलने की बात कही तो स्वाभाविक रूप से वह पत्तल बनाकर अपनी कौशलता में दिमाग खपाकर क्योंदिखाएंगे। यह बात करीब करीब हर क्षेत्र में महसूस किया जा रही होगी जिसका सुद्धारित रूप अब 9 दिसंबर 2024 से शुरू हुई बीमा सखीयोजना से देखने को मिल सकता है, इस योजना को रेवड़ियों से काफी दूर रखा गया है, यांने ग्रामीण महिला मेहनत कर, घूम घूम कर, एलआईसी की बीमा पॉलिसी लेगी तो उसे उसका मेंहनताना 7 से 21हज़ार तक होगा तथाप्रोत्साहन राशि 2100 अलग मिलेगी वो भी उसे प्रक्रिया से एलआईसी बीमा एजेंट बनना होगा।

हालांकि बीमा एजेंट अभी कोई भी बन सकता है, यह कोई नई बात नहीं है परंतु यह विशेष योजना केवल ग्रामीण महिलाओं के लिए है व स्वाभाविक रूप से उन्हें अपेक्षाकृत अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, उन्हें शासकीय कर्मचारियों की बीमा पॉलिसीयां दिलाई जाएगी,जिला स्तरपर उन्हें पॉलिसी मिलने का एक अदृश्य सपोर्ट किया जाएगा जिससे एक तीर से दो निशान होंगे, एक तो ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के तौर पर पॉलिसी मिलेगी वह अपनी आय बढ़ाएगी, दूसरी ओर सरकारी प्रतिष्ठान एलआईसी को वित्त का साधन जनरेट होगा जो नेशनल लेवल पर विनियोग कर विज़न 2047 के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यानें यह अप्रत्यक्ष रूप से विज़न 2047 में भरपूर कारगर सिद्ध होगा। चूँकि 9 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम ने हरियाणा के पानीपत में दोपहर 2 बजे बीमा साखी योजना की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है,यह योजना एलआईसी से संचालित की गई है, तो आए हुए पैसों से लॉन्ग टर्म विनियोग बढ़ेगा भारत के विकास के नए-नए अध्यायों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,बीमा सखी योजना रेवड़ी से कोसों दूर बल्कि कौशलता के बलपर आत्मनिर्भरता की और कदम बढ़ाए जा रहे हैं।




साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को जानने की करें तो, आज 9 दिसंबर को महिलाओं के लिए सरकार की ओर से एक नई योजना शुरू की गई है,इस योजना का नाम है बीमा सखी योजना,इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा एलआईसी की बीमा सखी योजना को शिक्षित महिलाओं के लिए डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के तहत लोगों में वित्तीय समझ विकसित करने और बीमा की अहमियतसमझाने के लिए 10 वीं महिलाओं को 3 साल तक ट्रेंड किया जाएगा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार के लिए शुरू की गई इस योजना में महिलाओं को 7,000 से 21,000 रुपये तक हर महीने दिए जाएंगे. योजना की शुरुआत में महिलाओं को हर महीने 7000 रुपये दिए जाएंगे, तो वहीं दूसरे साल में यह राशि 1000 रुपये कम करके 6000 रुपये कर दी जाएगी, तो तीसरे साल में 5000 रुपये हर महीने दिए जाएंगे। वहीं इसके अलावा महिलाओं को 2100 रुपये का अलग से योगदान दिए जाएगा तो साथ ही जो महिलाएं अपने बीमा के टारगेट पूरा करेंगी उन्हें अलग से कमीशन भी दिया जाएगा।

साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को महिला सशक्तिकरण व रोजगार की ओर कदम बढ़ाने की करें तो, जैसा इस स्कीम का नाम है बीमा सखी योजना यांने इसमें महिलाओं को बीमा से जुड़े काम के लिए सक्षम बनाया जाएगा,इस योजना के जरिए महिलाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी नियुक्त किया जाएगा यांने उनको एलआईसी का एजेंट बनाया जाएगा।योजना में जुड़ने के बाद महिलाएं लोगों का बीमा कर सकेंगी। सरकार की इस स्कीम से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को खासा लाभ होगा,ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए नौकरी और रोजगार के मौके सामान्य तौर पर काफी कम होते हैं, ऐसे में सरकार की इस स्कीम से इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।माननीय पीएम नें सोमवार 9 दिसंबर को हरियाणा के पानीपत से इस योजना का उद्धघाटन किया।भारत सरकार द्वारा देश के नागरिकों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, अलग-अलग तबकों से आने वाले लोगों के लिए सरकार की अलग-अलग योजनाएं होती हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास करती रहती है महिलाओं के हित के लिए भी सरकार की कई योजनाएं होती हैं।

साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को समझने की करें तो, केंद्र सरकार देश के नागरिकों के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रही है,इसी कड़ी में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई योजना लाई है।इस योजना के जरिए सरकार की कोशिश महिलाओं के सशक्त बनाना और फाइनेंशियल इंक्लूजन को आगे बढ़ाना है पीएमओ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि 'बीमा सखी योजना' भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी ) की एक पहल है। बीमा सखी योजना के जरिए 10वीं पास कर चुकी 18 से 70 साल की उम्र की महिलाओं के सशक्तीकरण को बल मिलेगा। इस योजना के तहत फाइनेंशियल लिटरेसी और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पहले 3 सालों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग और वजीफा दिया जाएगा।एलआईसी एजेंट से लेकर डेवलपमेंट ऑफिसर बनने का मौका ट्रेनिंग के बाद महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और ग्रेजुएट बीमा सखियों को एलआईसी में डेवलपमेंट ऑफिसर की भूमिका में काम करने का भी अवसर मिलेगा।पीएम नें भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित किया, योजना के पहले फेज में 35 हजार महिलाओं को बीमा एजेंट के तौर पर रोजगार दिया जाएगा। बाद में 50 हजार और महिलाओं को योजना में लाभ दिया जाएगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बीमा सखी योजना 2024 - ग्रामीण महिलाओं कोआत्मनिर्भर बनने में मील का पत्थर साबित होगी।बीमा सखी योजना से ग्रामीण महिलाओं को रोज़गार के अवसर बढ़ाकरआर्थिक सपोर्ट से उनका जीवन ख़ुशहाल होगा।बीमा सखी योजना रेवड़ी से कोसों दूर कौशलता के बल पर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने सटीक योजना है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृष**
शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। दुष्टजनों से दूरी

**मिथुन**
दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धैर्य रखें।

**कर्क**
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे।

**सिंह**
व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा।

**कन्या**
शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शुभ समय। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**तुला**
लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**धनु**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी।

**मकर**
निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कुंभ**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है।

**मीन**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे। निवेश शुभ रहेगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री मुक्तानन्द अग्रवाल जी। 28 जनवरी सन 1985 को जोधपुर में जन्में मुक्तानन्द राजस्थान के बेस्ट कलक्टर्स की श्रेणी में गिने जाते हैं। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं अग्रवाल सर। अलवर व दौसा कलक्टर शिप के दौरान लोगों को इनकी शानदार कार्यशैली देखने को मिली इसके साथ ही कोटा कलक्टर के रूप में जब बाढ़ आई तो पूरे गाँव को बचाने में इनकी महती भूमिका रही। एम.ए(संस्कृत) बी.ए(इतिहास) एम.फिल-कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान की पढ़ाई के बाद सिविल सेवा में आए और आज संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं।निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली। पंजीयक, सहकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर।आयुक्त, उद्योग एवं विनियोजन एवं अप्रवासी भारतीय निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू।जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा।जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, दौसा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक। उप शासन सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान, जयपुर। विशेष कर्तव्य अधिकारी, कार्मिक विभाग, राजस्थान जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, शाहबाद बारां रहे । इसके अलाव आयुक्त, दिल्ली.मुम्बई औद्योगिक गलियारा, जयपुर। विशेष सचिव, सरकार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर राजस्थान, जयपुर। प्रबंध निदेशक, राजसिको जयपुर। अध्यक्ष, जयपुर मेटल्स एंड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जयपुर आदि पदों पर अतिरिक्त कार्य भार भी संभाला। शानदार अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**



श्री मुक्तानन्द अग्रवाल (आई.ए.एस)

## मन्नत के डोरे..

मन्दिरों में या पीर बाबाओं की मजारों पर ऐसे सीन आपकों अधिकतर मिल ही जाऐंगे। ये मन्नत के ड़ोरे हैं ये बता रहे हैं कि भगवान तू तो नहीं चाहिए पर तुझसे बहुत कुछ चाहिए। मज्जिदों में नमाज अता होती है,चर्च में प्रार्थना सभाए होती हैं,गुरूद्वारों में अरदास होती है और मन्दिरों में भगवान की पूजा-अर्चना होती है। लेकिन ऐसा लगता है उस ऊपर वाले को याद नहीं किया जाता बल्कि जैसे बाजार जाने से पहले एक लिस्ट बनाई जाती है, ठीक वैसे ही ऊपर वाले से डिमांड की जाती है। शायद मन्नत का ड़ोरा इस बात का जीता-जागता गवाह है कि उसे नहीं बल्कि उससे मांगा गया है। वैसे भी हमारी आरती में ईश्व को पाने का जिक्र कहीं नहीं है बल्कि आरती क्या ऐसा लगाता है कि जैसे डिमांड हो रही हो कोई। सुख सम्पत्ति घर आए कष्ट मिटे तन का और लास्ट में तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा। इमानदारी से पूछिये कि क्या सच में उसको उसका सा अर्पण कर रहे है या भगवान की धूपबत्ती के पंसारी बाजार से घी ला रहे हैं। उस घी का नाम भी पूजा वाला घी है जो कि भगवान के लिए ही है, देशी है, शुद्ध है बस एक ही कमी है सस्ता है इसलिए हमारे खाने लायक नहीं है ज्यादा है तो भगवान के भोग का हलवा बन सकता है। ठीक ऐसे ही मज्जिदों में नमाज के लिए कहा जाता है कि देश में अमन चैन के लिए दुआए कर रहे हैं एक बार दिल पर हाथ रखकर पूछिए जरा कितना अमन चैन कायम है। पीर बाबाओं की मजार पर बंधे मन्नत के डोरे या मन्दिरों में बंधे नारियल इस बात का सूबत है कि उस महाशक्ति को नहीं मांगा जा रहा है बल्कि उससे मांगा जा रहा है।





**रूपक शर्मा**
संपादकीय प्रभारी
अलवर संस्करण

## विशेष आलेख

# नये आयामों को जाग्रत करेगा- 'अंतरराष्ट्रीय विश्व ध्यान दिवस'

**सुनिल महला**



भारत निरंतर विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ रहा है। योग हो या ध्यान, भारत ने युगों-युगों से विश्व को ऐसा कुछ दिया है, जो शायद ही विश्व के किसी अन्य देश ने संपूर्ण विश्व को दिया हो। शायद इसीलिए भारत को विश्व गुरू की संज्ञा दी जाती रही है। यह बहुत ही हर्ष और खुशी का विषय है कि 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस' को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी के बाद अब 21 दिसंबर के दिन को विश्व 'विश्व ध्यान दिवस' के रूप में मनाने जा रहा है। सच तो यह है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बाद अब भारत ने विश्व को एक और भारतीय विधा-'ध्यान' से लैस किया है। उल्लेखनीय है कि ध्यान मनुष्य के विकारों का शमन करता है। वास्तव में, ध्यान का अर्थ है, अपने भीतर नए आयाम जागृत करना।जीवन का मूल उद्देश्य खिलने की उस सर्वोच्च अवस्था तक पहुंचना है, जहां तक पहुंचना संभव है। ध्यान खिलने के लिए खाद्य पदार्थ है। ध्यान से सकारात्मक स्थितियों का निर्माण किया जा सकता है और आज के तनाव और अवसाद भरे जीवन में एक नई ऊर्जा, नई उमंग, नये जोश का सहज ही समावेश किया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ध्यानस्थ रहकर नकारात्मक मनोभावों पर नियंत्रण का अभ्यास होता है और इससे क्रोध, काम, लोभ और मोह के बंधनों से मुक्ति मिलती है। आज के इस युग में स्वयं को ढूंढने के लिए ध्यान ही एकमात्र विकल्प है। ध्यान, मनुष्य को यंत्रवत होना छोड़ना सिखाता है और शान्ति, संयम( धैर्य ) अहिंसा को जन्म देता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ध्यान अनावश्यक विचारों को मन से निकालकर शुद्ध और आवश्यक विचारों को मस्तिष्क में जगह देता है। यह मनुष्य की आत्मिक शक्ति का विकास करता है और मनुष्य के तन, मन और आत्मा के बीच लयात्मक सम्बन्ध बनाता है और उसे बल प्रदान करता है। बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र(यूएन) महासभा ने भारत द्वारा सह-प्रायोजन एक मसौदा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) घोषित किया है।भारत के साथ लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा उन देशों के मुख्य समूह के सदस्य थे, जिन्होंने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'विश्व ध्यान दिवस' शीर्षक वाले प्रस्ताव को शुक्रवार को सर्वसम्मति से पारित करने में अहम भूमिका निभाई। वास्तव में यह अत्यंत काबिले-तारीफ है कि भारत ने विश्व कल्याण की दिशा में यह एक बेहतरीन कदम उठाया है। युगों युगों से भारत का लक्ष्य समग्र मानवता का कल्याण रहा है। भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है जो कि अपने सभ्यतागत सिद्धांत 'वसुधैव कुटुम्बकम' को लेकर चलता है और संपूर्ण विश्व को सदैव सकारात्मकता, शान्ति, संयम, आपसी सहयोग, मेलजोल, सौहार्द और सद्भावना का अनूठा संदेश देता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने अपने सभ्यतागत सिद्धांत 'वसुधैव कुटुम्बकम' को लेकर चलते हुए हाल ही में कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाए जाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि 21 दिसंबर का दिन शीतकालीन अयनांत या संक्रांति का दिन होता है, जो भारतीय परंपरा के अनुसार उत्तरायण की शुरुआत होता है, जो विशेष रूप से आंतरिक चिंतन और ध्यान के लिए वर्ष के एक शुभ समय की शुरुआत होती है। बहरहाल, विश्व ध्यान दिवस के संदर्भ में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि यह हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कूटनीति को विश्व स्तर पर एक और बड़ी कामयाबी है। हाल ही में शुक्रवार 6 दिसंबर 2024 को सभी देशों ने भारत के विश्व ध्यान दिवस के प्रस्ताव को स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की। बहरहाल, अंत में यही कहूंगा कि ध्यान मनुष्य मस्तिष्क और मनुष्य के समग्र कल्याण और विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ध्यान अपने अस्तित्व की खूबसूरती को जानने का एक तरीका है। पाठकों को बताता चलूं कि असल में ध्यान का अर्थ है, अनुभव के स्तर पर यह एहसास होना कि आप कोई अलग इकाई नहीं हैं - आप एक ब्रह्मांड हैं। सच तो यह है कि ध्यान का अर्थ है- पूरी तरह से बोध में स्थित होना। वास्तव में पूरी तरह से मुक्त होने का यह(ध्यान ) अकेला मार्ग है। कहना ग़लत नहीं होगा कि एक दशक में जिस तरह से योग दिवस एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जिसके कारण दुनिया भर में आम लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस भी मानवता के समग्र कल्याण के संबंध में एक नायाब तोहफा व एक अनूठा आयाम बनकर उभरेगा।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# बेटे रेहान संग रणथम्भौर के जोन तीन में शाम की पारी में किया भ्रमण

## बाघिन रिद्धी व माही को देख खुश नजर आई प्रियंका

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** रणथंबोर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के भ्रमण से चर्चित हुआ पर्यटन गांधी परिवार को ऐसे भाया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बेटी अब लगभग औसतन हर दो से तीन महीने में रणथंबोर आ रही है। इसी क्रम में कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेटे रेहान के साथ गत दिवस पार्क भ्रमण किया। इस दौरान जोन तीन में बाघिन रिद्धि व उसकी बेटी माही को देखकर दोनों खुश नजर आए। इस नजारे को कैमरे में कैद किया। जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा तीन दिवसीय दौरे पर रणथम्भौर आई हुई है। उल्लेखनीय है कि वे यहां शुक्रवार देर शाम सड़क मार्ग से आई थी और सीधे ही रणथम्भौर रोड स्थित पांच सितारा होटल में रुकी थी। वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट व गाइड विजय सिंह मीणा ने बताया कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार रात्रि विश्राम होटल में करने के बाद शनिवार शाम की पारी में रणथंभौर पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने रणथम्भौर के जोन तीन में करीब तीन घंटे तक रिद्धि व उसकी बेटी माही की आपस में मस्ती देखी। दोनों एक दूसरे से कभी गुर्राते हुए तो कभी आगे-पीछे नजर आई। जंगल में बाघिन रिद्धि ने एक सांभर का भी शिकार करने के लिए पीछा किया, लेकिन वह नाकाम रही। इसके बाद दोनों मां बेटियों ने राजबाग में पहुंचकर एक दूसरे को घूरा।

यहां से बाघिन रिद्धि पदम तालाब और बाघिन माही झालरा की तरफ रवाना हो गई। यहां माही के सामने एक एक चीतल का बच्चा आ गया, लेकिन माही इसका शिकार करने से चूक गई। प्रियंका गांधी व उनके परिजन इस दृश्य को देखकर काफी खुश नजर आए। बता दें कि एक दिन पहले प्रियंका गांधी के बेटे रेहान ने शुक्रवार सुबह की पारी में दोस्तों के साथ जंगल का भ्रमण किया था, लेकिन उन्हें बाघ-बाघिन के दीदार नहीं हुए थे।



### पिछले माह भी किया था पार्क भ्रमण

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नवम्बर माह में भी अपने परिवार के साथ रणथंभौर में टाइगर सफारी की थी। इस दौरान उन्हें जोन नंबर 3 में बाघिन ऐरोहेड और उसके तीन शावकों की साइटिंग हुई थी। मां-बेटे ने अपने कैमरे में इस नजारे की तस्वीरें भी कैद की थी।

# टाइगर दिखाने की होड़ में दौड़ाया कैंटर, महिला पर्यटक घायल

## आंख में आई गहरी चोट, रणथभौर टाइगर रिजर्व जोन दो का मामला

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** वन विभाग की अनदेखी के चलते रणथभौर पार्क भ्रमण के दौरान बाघ-बाघिनों को दिखाने की होड़ में जोन में जिप्सियां और कैंटर तेज गति से दौड़ रहे हैं, जो ना केवल हादसे का सबब बन रहे हैं, अपितु पर्यटकों के लिए जीवन भी दांव पर लग रहा है। इसी क्रम में रविवार को तेज गति से दौड़ रहे कैंटर में बैठी एक महिला पर्यटक को आंख में गंभीर चोट आ गई। गनीमत रही कि महिला की आंख बच गई। इस दौरान आनन-फानन में महिला को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर वहां से तत्काल छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार महिला पर्यटक रणथभौर टाइगर रिजर्व घूमने आई थी। वह रणथभौर रोड स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरी हुई थी। रविवार को सुबह की पारी में वह कैंटर संया आरजे 25, पीए- 2254 से जोन नंबर दो घूमने गई। इस दौरान कैंटर को चालक मीठालाल चला रहा था। वहीं इस पर गाइड महेश चौधरी था। जंगल में बाघ-बाघिनों की साइटिंग के दौरान तेज गति से आगे-पीछे दौड़ रहे कैंटर में महिला के अचानक पेड की डाली से गंभीर चोट लग गई। इस दौरान महिला के आंख के बाहर गहरा गड्ढा हो गया। आनन फानन में कैंटर चालक उन्हें बिना किसी को बताए एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां उनका उपचार कराया। इलाज के दौरान महिला की आंख के पास सर्जरी कर टांके लगाए गए। इलाज के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई।

**कार्रवाई हो तो गति पर लगे अंकुश :** रणथभौर टाइगर रिजर्व में बाघ-बाघिनों के आगे पीछे अच्छे फोटो शूट के लिए



जिप्सियों और कैंटर को भगाना आम बात हो गई है। फोटो सेशन कराने एवं वीडियो बनाने के चक्कर में जिप्सी और कैंटर चालक इन्हें जानवरों के करीब ले जाने से भी नहीं चूकते। इससे वन्यजीवों को भी परेशानी होती है। वहीं पर्यटकों के साथ हादसे का डर बना रहता है।

**इनका कहना :** यह मामला सुबह की पारी का है। घटना के बाद कैंटर को वैन कर दिया है। साथ ही इस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमोद धाकड़, डीएफओ पर्यटन, रणथभौर टाइगर रिजर्व**

# नादौती के मेढ का पुरा गांव में हत्या आरोपी के जातीय बहिष्कार से जुड़ा मामला

## पंचों ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा, बहिष्कार का आरोप बताया निराधार

अब्दुल माहिर

**गंगापुरसिटी ( बढ़ता राजस्थान )।** गंगापुरसिटी जिले के नादौती इलाके के मेढ का पुरा गांव में पांच वर्ष पूर्व भूमि विवाद में एक व्यक्ति की हत्या के बाद आरोपी का हुक्का पानी बंद कर सामाजिक बहिष्कार से जुड़े मामले में नया मोड़ आया है। सोमवार को नादौती तहसील के बारह गांवों के पंच पटेलों जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप कर मेढ का पुरा में किसी का जातिय बहिष्कार करने की बात से इनकार किया है। साथ ही हत्यारोपी रामप्रताप गुर्जर पर जातिय बहिष्कार की अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है। इस मामले में नादौती थाना पुलिस भी तथ्यात्मक रिपोर्ट दे चुकी है।

**यह है मामला :** नादौती थाना पुलिस के अनुसार नादौती थाना क्षेत्र के मेढ का पुरा गांव में 2020 में भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। हत्या का आरोप रामप्रताप पुत्र लक्ष्मीनारायण गुर्जर पर लगा। पुलिस ने मुकदमा नंबर 287 /20 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रामप्रताप गुर्जर वर्तमान में न्यायालय से जमानत पर है। पुलिस का कहना है कि उक्त आरोपी ने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि गांव के पंच पटेलों ने खाप पंचायत कर उसका सामजिक बहिष्कार कर हुक्का पानी बंद कर दिया है। मंदिर में प्रवेश पर भी पाबंदी लगादी है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वह खेतों पर नहीं जा रहा है। परिवार की भूखों मरने की नोबत आ गई है। रसद सामग्री लाने नादौती जाना पड़ रहा है। इस पर हाइकोर्ट जयपुर ने पुलिस से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी।

**पंचों ने यह लगाया आरोप :** सोमवार को कैमरी इलाके बारह गांवों के पंच पटेलों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप कर बताया कि उक्त आरोपी रामप्रताप पर हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज है। वह जमानत पर है। जमानत पर आने के बाद गांव में हथियार लेकर घूमता है। जिससे इलाके में



दहशत का माहौल है। आरोपी ने गिरोह बना रखा है। प्रशासन को गलत तथ्य बता कर गुमराह कर रहा है। मेढ का पुरा के लोगों ने आरोपी व उसके परिवार को ना तो परेशान किया है। नाही जातिया बहिष्कार किया है। बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है। सभी सुख सुविधा ले रहा है।

**इनका कहना है :** यह सच है रामप्रताप गुर्जर पर हत्या का आरोप है। वर्तमान में न्यायालय से जमानत पर है। पूर्व में हम जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट दे चुके हैं। पांच साल से घर पर रह रहा है। जगदीश धाम या अन्य मंदिरों में दर्शन करने आ रहा है। परिवार के साथ रह रहा है। बिजली पानी की सुविधा मिल रही है। जातिय बहिष्कार के आरोप निराधार है।

**महेन्द्र सिंहथानाधिकारी नादौती, जिला गंगापुरसिटी**

# समरावता गांव में हुई घटना को लेकर महापंचायत, आंदोलन की दी चेतावनी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** समीपवर्ती चौथकाबरवाड़ा में रविवार को टोंक जिले के समरावता गांव में विधानसभा उपचुनाव के दौरान हुई घटना के विरोध में रविवार को मीणा धर्मशाला के पीछे महापंचायत का आयोजन हुआ। महापंचायत में मुख्य वक्ता कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में आए युवाओं ने कहा कि यदि नरेश मीणा के साथ इंसाफ नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी सारी जिमेदारी प्रशासन की होगी। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था के पुता इंतजाम रहे। अतिरिक्त पुलिस बल का जाप्ता पूरे कस्बे में तैनात रहा। इस दौरान दोपहर 12 बजे महापंचायत शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में युवा नेताओं ने भी भाग लिया। इस दौरान मुख्य वक्ता के



रूप में नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि जनता की मांग है कि 15 तारीख तक नरेश मीणा एवं उनके साथियों को इंसाफ दिया जाए, नहीं तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समरावता में प्रशासन ने जो कार्य किया है। उससे सरकार के प्रति सभी लोगों की नाराजगी है। महापंचायत में जल्द इस मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर पूर्व आईएएस टीकाराम मीणा ने चुनाव के दौरान अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन से की गई गलतियों के बारे में विस्तार से लोगों को बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में पूर्व अधिकारी राम कल्याण, केसी घुमरिया ने कहा कि जब तक इस मामले में इंसाफ नहीं मिलता तथा न्यायिक जांच नहीं हो जाती। तब तक लगातार आंदोलन जारी रहेगा। महापंचायत में कई जिलों से पदाधिकारियों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में युवा वर्ग मौजूद रहा। कार्यक्रम में कांजी मीणा, चित्रा मीणा सहित अन्य युवा वर्ग के नेता मौजूद रहे।

# किशोरी ने मृत बालिका को दिया जन्म

## बलात्कार का मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिले के एक थाना इलाके की रहने वाली पन्द्रह साल की किशोरी की ओर से मृत बालिका को जन्म देने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के परिजनों से मामले की जानकारी ली।

उसके बाद परिजनों ने उसी गांव के एक नाबालिग के खिलाफ बलात्कार की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार जिले के एक थाना क्षेत्र की किशोरी दूसरे थाना इलाके में ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे किशोरी के पेट में दर्द होने तथा उसे मिर्गी के दौरे पड़ने की कहकर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर मिर्गी के दौरे का इलाज शुरू कर दिया। देर रात करीब दो बजे किशोरी ने 6-7 माह की अपरिपक्व बालिका को जन्म दिया। इस पर संबंधित ड्यूटी नर्स ने इसकी सूचना सीएमएचओ को दी। सीएमएचओ की सूचना पर किशोरी के ननिहाल क्षेत्र की थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने किशोरी के मूल इलाके के थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे और गांव के एक नाबालिग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी ननिहाल में पढ़ती है। किशोरी के साथ उनके गांव के किसी नाबालिग ने बलात्कार किया है। इसके चलते वह गर्भवती हुई और उसने मृत बालिका को जन्म दिया है। प्रसव होने के बाद से ही किशोरी के हालत में भी सुधार नहीं है। उसका इलाज चल रहा है। जिले के एक थाना इलाके की 15 वर्षीय किशोरी ने करीब सात माह की मृत बालिका को जन्म दिया है। परिजनों ने उसे शुक्रवार दोपहर मिर्गी के दौरे पड़ने की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया था। रात करीब दो बजे उसका प्रसव हुआ है।

# बूथों की समितियों का गठन कर सूचियां प्रभारी को सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत मेहता के निर्देशानुसार नटवाड़ा मंडल की बैठक सोमवार को कुम्हारों के चौक में आयोजित की गई। जिसमे घर-घर टोली व बूथ सत्यापन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक चुनाव तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओ को दिशा-निर्देश दिए। वही भाजपा नटवाड़ा मंडल के बूथों की समितियों का गठन कर समिति की सूचियां प्रभारी को सौंपी गई। ने कहा कि चुनाव में जीत का सारा दारोमदार बूथ समितियों पर है। पंचायतराज के चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बूथ समितियों को मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी अहम है इसलिए हमें हर बूथ स्तर पर जाकर कार्य करना होगा। बूथ समिति के कार्यकर्ताओं का महत्व है। बैठक में सर्व सहमति से बूथ संख्या 281 के अध्यक्ष पद पर साँवरा जोशी, 282 पर राजेंद्र गुर्जर एवं 283 पर मुकेश कीर को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर 500 से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाने वाले भाजपा के सक्रिय सदस्य रामदेव प्रजापत को सम्मानित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्य बूथ समिति का गठन किया गया। इन



सदस्यों में तीन महिलाएं सदस्य भी शामिल है। इसमें बूथ समितियों में नए सदस्यों को जोड़ने एवं मेरा बूथ मजबूत बूथ अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। अभियान के तहत हर बूथ पर बैठकें होंगी। इसके लिए मंडल पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई। इस अवसर पर बद्री विजय, तेजभँवर सिंह राठोड़, रामजी लाल बोकण, शंकर मोठिया, श्याम जोशी, भगवान जाट, मूलचंद धाबाई, केदार प्रजापत, हीरा लाल कसाणा, बाबू धाबाई, रामरतन कटारिया, गंगाबिशन प्रजापत सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजाराम जाट को अखिल राजस्थान कर्मचारी सयुक्त महासंघ का कोषाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** अखिल राजस्थान कर्मचारी सयुक्त महासंघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा की अनुमति से महासंघ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरुका ने राजाराम जाट को महासंघ का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

शिक्षक राजाराम जाट प्रगतिशील शिक्षक संघ के टोंक ब्लॉग पद पर भी कार्यरत है। और जिलाध्यक्ष नरुका ने बताया कि शिक्षा विभाग के सहायक, मंत्रालयिक, लेखा, राजस्व, पंचायतराज, आयुर्वेद सहित 20 संगठन घटको के कर्मचारियों के हितों के मुद्दों को उठाने के लिए संगठन का गठन किया गया है।



# वृताधिकारी के ठोस आश्वासन के बाद व्यापारियो का आक्रोश हुआ शांत

## दस दिन में चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की रखी मांग

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** व्यापार मंडल मालपुरा व इण्डस्ट्रीज एसोशियन मालपुरा के प्रतिनिधिमंल पुलिस उप अधीक्षक आशिष प्रजापत की सौहादपूर्ण वातावरण में हुई वार्ता और मिले ठोस आश्वासन के बाद मण्डी का बंद पड़ा कारोबार बुधवार से शुरू करने का प्रस्ताव पारित हुआ। सोमवार को व्यापार मंडल मालपुरा व इण्डस्ट्रीज एसोशियन मालपुरा के प्रतिनिधिमडंल व पुलिस उप अधीक्षक आशिष प्रजापत के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। वार्ता में व्यापार मंडल व इण्डस्ट्रीएल एसोशियसन के पदाधिकारी व सदस्य मौजुद रहे। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से दो माह की अल्प अवधि में एक ही औद्योगिक इकाई में दो बार चोरी होने की घटना पर गहरा आक्रोश प्रकट किया गया। पुलिस उप अधीक्षक प्रजापत ने इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से अब की गई कार्रवाई से अवगत कराया। पुलिस उप अधीक्षक प्रजापत ने बताया कि मालपुरा का ही नहीं अपितु जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम स्वयं इस मामले को लेकर गंभीर है। इस मामले का खुलासा करने के लिए मालपुरा और जिला स्तर की कई टीमे दिन रात कर रही है। अब तक पुलिस मामले के अन्तिम छोर तक पहुंच चुका है। उन्हें पूरा विश्वास है कि चोरी की इन घटनाओं का पुलिस शीध्र खुलासा कर वास्तविक आरोपियो तक पहुंच जाएगी। इसमें पुलिस प्रशासन किसी प्रकार की कोताही नहीं बरत रहा। पुलिस उप अधीक्षक प्रजापत ने वार्ता के दौरान व्यापारियो से इतना कहा कि मालपुरा का पुलिस प्रशासन इन चोरी की घटनाओं को केवल दो घटनाऐं नहीं मान रहा बल्कि पुलिस इन्हें एक और एक ग्यारह मान कर पूरी गंभीरता के साथ काम कर रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक व मालपुरा पुलिस प्रशासन की कई टीमे दिन रात इस मामले का खुलासा करने में लगी हुई है। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई से संतुष्ठ नजर आए। वहीं प्रतिनिधि मंडल ने मण्डी पहुंच कर बैठक आयोजित की। बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष गिरधारी आगीवाल ने बताया कि मालपुरा क्षैत्र के सभी व्यापारी पुलिस की कार्रवाई से पूरी तरह से संतुष्ट है। इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मंगलवार का साप्ताहिक अवकाश होने के चलते मण्डी कारोबार बुधवार से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 10 दिन की अवधि में यदि चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होता है तो व्यापारी पुन: बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति तैयार करेगें।

### बुधवार से मण्डी कारोबार शुरू करने का लिया निर्णय



# क्लाक टॉवर का लोकार्पण कल

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से कृषि मण्डी रोड पर भामाशाह सुमेर बड़जात्या के सहयोग से निर्मित क्लाक टावर का लोकार्पण 11 दिसम्बर को किया जाएगा। और क्लब के पवन जैन संगम ने बताया कि 11.5 फुट ऊंचे क्लॉक टॉवर का निर्माण करवाया गया है।

जिसका लोकार्पण 11 दिसम्बर बुधवार को दोपहर 2 बजे आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के पावन संनिध्य में रोटरी जिला प्रान्तपाल (2026-27) अरूण बगड़िया एवं पुध्यार्जक परिवार की मौजुदगी में किया जाएगा।



# ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव का जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आज करेगें शुभारम्भ

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** राजस्थान युवा बोर्ड के तत्वावधान में राज्य की लुप्तएवं दुर्लभ संस्कृति के सरंक्षण को लेकर मंगलवार को राउमावि के खेल प्रागंण में ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ब्लाक स्तरीय आयोजन समिति अध्यक्ष एवं उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बताया कि राउमावि के खेल प्रागंण में मंगलवार को दोपहर 12 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें। और समारोह के विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल होगें।

# सिंचाई पानी को लेकर किसानों का बिजलीघर पर प्रर्दशन

## डिस्काम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी, कहा कृषि के लिए रात में नहीं दिन में बिजली चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** रबी की फसलों में इन दिनों सिंचाई का काम चल रहा है। बयाना डिवीजन में डिस्कॉम प्रशासन रोटेशन के अनुसार एक-एक सप्ताह के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय में कृषि बिजली दी जा रही है। सिंचाई के लिए रात के ब्लॉक में कृषि बिजली देने से नाराज किसानों ने सोमवार को बयाना के बिजली घर कार्यालय का घेराव कर दिया। किसानों ने डिस्कॉम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। जिम्मेदार अफसरों के नहीं मिलने से नाराज हुए। किसानों ने ऑफिस के गेट पर तालाबंदी कर धरना शुरू कर दिया। दोपहर करीब 12 बजे बिजलीघर कार्यालय पहुंचे किसानों का कहना है कि पहली बात तो दिन के बजाय रात में बिजली दी जा रही है। लेकिन रात में भी पूरी बिजली नहीं दी जा रही है। रात के निर्धारित ब्लॉक रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कई बार फीडर ट्रिप होने से बिजली गुल हो जाती है। निर्धारित 6 घंटे के बजाय तीन-चार घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ट्रिपिंग होने के बाद दोबारा बिजली आने के इंतजार में किसानों को कड़ाके की सर्दी में रातभर खेत में खड़ा रहना पड़ रहा है। खेतों में रात को रहने से सर्दी में बीमार होने का खतरा रहता है। इसके साथ ही आवारा जानवरों के हमले का भी भय बना रहता है। इससे फसलों की सिंचाई के लिए पूरी बिजली नहीं मिल पा रही है।

डिस्कॉम की लापरवाही से किसान की मेहनत से रवी फसल खराब हो सकती है इससे किसानों का आर्थिक नुकसान होगा। लेकिन ना तो सरकार और ना ही प्रशासन का अन्नदाता की समस्याओं की ओर ध्यान है। सर्दी के मौसम में अगर किसान बीमार पड़ जाएगा या मर जाएगा तो आगामी फसलें कहा से होगी। इसलिए हम किसानों को रात में नहीं दिन में ही बिजली चाहिए। इस संबंध में डिस्कॉम एक्सईएन विवेक शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में बिजली तंत्र को मजबूत करने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। कुछ नए बिजलीघर जल्द चालू होंगे। इसके बाद बिजली सप्लाई में गुणात्मक सुधार होगा। इस दौरान किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेन्द्र कसाना, सुभाष सालाबाद, चंदन सिंह, संदीप सिंह, वेदू गुर्जर, गगन सिंह, नादान, विक्रम कसाना, अमीर सिंह, वासुदेव, अजयसिंह, करतार सिंह, भागीरथ सिंह, मनोज कसाना, जगन्नाथ डीलर आदि मौजूद रहे।



# नाला सफाई का औचक निरीक्षण करने पहुँचे निगम कमिश्नर




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सोमवार को रोड नंबर दो पर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। अचानक मौके पर पहुँचने से सफाई कर्मचारियों में हडकम्प सा मच गया। इस दौरान आयुक्त ने संबंधित जमादार और सफाई कर्मचारियों को सफाई संबंधी दिशा निर्देश दिए और कहा कि सफाई कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

# भ्रष्टाचार एक सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक घटना है इसके कारण देश का आर्थिक विकास अवरुद्ध होता है : उदयभान सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भ्रष्टाचार एक जटिल सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक घटना है जो हमारी प्रगति को प्रभावित करती है भ्रष्टाचार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करता है आर्थिक विकास को धीमा करता है भ्रष्टाचार चुनावी प्रक्रियाओं और कानून के शासन को विकृत करके तथा नौकरशाही को प्रभावित कर लोकतांत्रिक संस्थाओं की नीम पर हमला करता है । यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर उदयभान सिंह का,,डॉक्टर सिंह अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉक्टर सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार में रिश्वत मांगना व देना दोनों शामिल है इसके कारण आर्थिक विकास अवरुद्ध होता है विभिन्न पदों पर योग्य युवाओं का चयन नहीं हो पता है । शिक्षा चिकित्सा सड़क पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलने में देरी होती है यहां तक कि सरकारें भी अस्थिर हो जाती है ,अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक होने की जरूरत है इसके लिए न्याय व पुलिस व्यवस्था को सुधार करने एवं उसमें अच्छे प्रोफेशनल को नियुक्त करना चाहिए ,भ्रष्टाचार रोकने के लिए हर काम की समय सीमा तय हो, प्रत्येक कार्य में पूर्ण पारदर्शिता अपनी जाए ,भ्रष्टाचार का घुन देश को अंदर से खोखला कर देता है, सख्त कानून बनाकर व जागरूकता लाकर भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने की आवश्यकता है, इस अवसर पर डॉ राहुल कुमार, डॉक्टर मोहित कुमार ,डॉक्टर प्रवीण हटवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विधायक प्रत्याशी इंजी. तपन का रामा श्यामा कार्यक्रम हुआ शुरू



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर विधानसभा से विधायक प्रत्याशी रहे इंजी. तपन शर्मा ने अपने रामा श्यामा फीडबैक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की । विधानसभा चुनाव परिणामों के एक वर्ष पूर्ण होने के क्रम उन्होंने इस मेलजोल कार्यक्रम की शुरुआत की है । उन्होंने प्रथम चरण के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर खुशी जताई तथा बताया कि पूरे कार्यक्रम को विभिन्न चरणों में पूर्ण किया जाएगा । वरिष्ठ समाजसेवक कैशलेश शर्मा, केदारनाथ पराशर, विपुल शर्मा और दिनेश जघीना से शुभाशीष प्राप्त कर इस यात्रा की शुरुआत की गई । इस अवसर पर मान सिनसिनवार, आलोक शर्मा, चंकी गुर्जर, प्रिंस शर्मा, राहुल सैनी, देवेंद्र चतुर्वेदी, श्रवण मालीपुरा, सागर गुर्जर, दिनेश जघीना, विवेक, रोहित, आदि साथ रहे ।

# उपखंड स्तरीय रक्तदान शिविर में समस्त कर्मचारी अधिकारी करें रक्तदान : मीणा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । रक्तदान एक महादान है जिससे हम किसी परिस्थिति बस रक्त की आवश्यकता वाले व्यक्ति को रक्त प्रदान कर उसका जीवन सुरक्षित कर सकते हैं। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में समस्त राजस्थान में 15 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को ध्यान में रखते हुए समस्त अधिकारी कर्मचारी उपखंड स्तरीय रक्तदान शिविर में रक्तदान करें यह कहना है मुसाफिर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा का मीणा उपखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित उपखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अपना उद्बोधन दे रहे थे उपखंड अधिकारी मीणा ने पालनहार प्रगति रिपोर्ट जल जीवन मिशन से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया राज्य सरकार की ओर से एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की इस अवसर पर तहसीलदार विकास अधिकारी एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज प्रताड़ना का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर थाना पुलिस ने दहेज की मांग के साथ मारपीट करने के आरोप में एक जाने को गिरफ्तार किया है थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा एवं भुसावर पुलिस उप अधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के निकट सुपरविजन में टीम का गठन कर कस्बा भुसावर निवासी परवादिया पिंकी पुत्री हरिप्रसाद द्वारा इस्तगासे के माध्यम से करौली जिले के पुलिस थाना सदर हिंडौन के गांव कोटरी निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र रामफूल जाति जाटव के विरुद्ध भुसावर थाने में मुकदमा नंबर 584/ 2024 धारा 115(2), 85,326(2), 79 बीएनएस, व 67 आईटी एक्ट दहेज प्रताड़ना के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । जिसे न्यायालय एमजेएम कोर्ट भुसावर में पेश किया गया।

# फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन अंग्रेजी महीना के हिसाब से वर्ष 2024 के अंतिम मास दिसंबर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है जिसके अंतर्गत रक्त समूह जांच शिविर मेहंदी प्रतियोगिता प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय पर्वों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत मानव अधिकार दिवस तुलसी दिवस सहित अनेकों अनेक पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की संख्या में 10 दिसंबर 2024 को मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष में श्री गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है देश के अनेक प्रदेशों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत मानव अधिकार दिवस से पूर्व शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रवास परिसर में रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन ग्वालियर में किया गया। ग्वालियर इकाई द्वारा वहाँ के शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रवास में तीन दिवसीय रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन किया गया। छात्रावास परिसर में आयोजित शिविर में 80 छात्राओ के रक्त समूह की जांच की गई। फाउंडेशन इकाई के साथ यह आयोजन रोटरी क्लब ग्वालियर महानगर एवम् रोट्रेक्ट ग्वालियर महानगर एवम् लाहद्य डायग्नोस्टिक सेंटर, ललितपुर कॉलोनी,ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में एवम् छात्रावास अधीक्षिकाओं सुश्री राजकुमारी शर्मा सुश्री इमा रानी मिंज एवम् सुश्री नीलम भार्गव की देख रेख में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्वालियर महानगर अध्यक्ष हिमांशु अमरपुरी सचिव राजू मित्तल एवम् रोटरेक्ट क्लब ग्वालियर महानगर अध्यक्ष सुश्री सोनल अमरपुरी जिला सचिव सुश्री पूनम मित्तल, एवम् सुश्री ऋचा अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा लाहद्य डायग्नोस्टिक सेंटर के शंकर लाहद्य व राम उपस्थित रहे।



# 351 महिलाओं को कंबल, साड़ी और शॉल वितरित की



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** खान चंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट की ओर से पुरुषार्थी धर्मशाला में 351 महिलाओं को गर्म शाल, कंबल और साडियां वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संयोजक डॉ. के.के. गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के पूर्व चेयरमैन अशोक खन्ना, समाज सेवी अशोक तनेजा, गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष अविनाश गुप्ता, मंत्री रवि गुप्ता, सतीश भाटिया, अनिल चौधरी और चरण जीत सुनेजा थे। मुखय ट्रस्टी दौलत राम हजरती ने बताया कि ट्रस्ट बीते 25 सालों से गर्म कपड़े का वितरण कर रहा है और इसके अतिरिकत बहुत से सेवा भावी कार्य किए जाते हैं।

इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए सोनिका अरोड़ाए रेणुए गुरप्रीत सिंह पवित्र और कमला यादव को सम्मानित किया। अंत में शिक्षाविद जीडी मेहंदीरता ने ट्रस्ट की ओर से आभार जताया। कार्यक्रम में गिराज बाली,मनोहर झाम, राजेंद्र आहूजा, विनोद नरूला और गिज्जा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन गुरप्रीत सिंह ने किया।

### हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# तीन साल से फरार 5 हजारी ईनामी मुल्ज़िम गिरफ्तार

## मुल्ज़िम राजू थाना क्षेत्र का टॉप टैन में था चिन्हित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के हरसौरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 3साल से फरार 5हजारी ईनामी मुल्ज़िम को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि मुल्ज़िम राजकुमार उर्फ़ राजू पुत्र तोताराम जाती गुर्जर आयु 27साल निवासी बबेड़ी 8अक्टूबर 2021परिवाद संख्या 234/2021के दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।उन्होंने बताया कि परिवादी देशराज पुत्र परशाराम निवासी बबेड़ी ने उक्त परिवाद पंजीबद्ध करवाया था। जिसमें खेत की मेड काटने के विवाद को लेकर परिवादी व उसके परिजनों पर लाठी, कुल्हाड़ीयों से मुल्ज़िम व उसके अन्य साथियों ने हमला किया था। थानाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर अजयपाल लाम्बा व कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृताधिकारी राजेंद्र बुरड़क के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया था। टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, सहायक उपनिरीक्षक रामजस, कांस्टेबल योगेश कुमार, कंवरसिंह, लक्ष्मणसिंह शामिल रहे। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड़ द्वारा फरार मुल्ज़िम की गिरफ्तारी पर 5 हजार का ईनाम रखा था। टीम ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 3 साल से फरार मुल्ज़िम राजकुमार उर्फ़ राजू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है।




# समझाइश और चालान की कार्रवाई के साथ नगर निगम दे रहा है स्वच्छता का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों का चालान काटा। इस दौरान एनईबी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों से 1000 का चालान वसूला गया।

साथ ही दुकानदारों को नियमित रूप से साफ सफाई रखने और गीला और सूखा कचरा अलग.अलग डालने के लिए समझाइश की गई। इससे पहले पिछले सप्ताह नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए अनेक स्थानों से चालान के रूप में 22800 रुपए की राशि वसूल की गई। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर चालान की कार्रवाई के साथ.साथ दुकानदारों और आमजन को समझाया भी जा रहा है कि पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन का उपयोग करें और गीले सूखे कचरे को नगर निगम के ऑटो टिपर में अलग अलग कर डालें।

साथ ही आयुक्त नरूका ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है इसलिए पर्यावरण के महत्व को समझते हुए आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें और इसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट से बने थैलों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

# राव तुलाराम जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित,पुलिस बैंड रहा आकर्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम जयन्ती के अवसर पर अलवर स्थित तुलाराम सर्किल पर यादव सभा अलवर शहर द्वारा जयंती समारोह आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभा अध्यक्ष माण्सतपाल यादव व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया की पुष्पांजलि सभा के पश्चात संगोष्ठी में वक्ताओं ने आजादी की जनजागरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने जयंती के अवसर पर राज्य सरकार से राजकीय अवकाश की भी मांग रखी । महामंत्री नरेन्द्र यादव ने बताया कि इस अवसर विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एंव प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर बीजेपी अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, रिपुदमन गुप्ता,अग्रवाल समाज से अमित गोयल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष रमेश जुनेजा, राजपूत समाज से सूरजभान सिंह, समाजसेवी फ्तेसिंह दादा,मधु यादव,कमला यादव, सुमन यादव,ऑल इंडिया यादव सभा से एस आर यादव,पूर्व अध्यक्ष सुबेसिंह यादव, पार्षद सतीश यादवएहेतराम यादवएबलराम यादवए रणजीत यादव,बेनीप्रसाद यादव,समाजसेवी राव धर्मपाल यादव,बनवारीलाल ,शिवचरण यादव,राव योगेश,डॉ मदन यादव,किशनलाल खैरलिया, विजय यादव,श्यामलाल यादव, नवीन यादव,रामगढ़ अध्यक्ष शमसेर एशिंभूदयाल यादवए सेडूराम सरपंचएप्रभु थानेदार, दीपक यादव,डॉ राहुल, जितेंद्र हिंदुस्तानी,नवल यादव, प्रवीण यादव,लोकेश यादव, अशोक यादव,अजित यादव, अभिषेक यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# हौसले बुलंद हो तो मंजिल आसान लाखन : वर्षों पहले करंट लगने से दाया हिस्सा हुआ पैरालाइज, फिर भी नेशनल स्विमिंग में जीते दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर / बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कहते हैं कि मन में अगर जोश और जज्बा हो तो बाधाएं खुद रास्ता छोड़ देती हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है बयाना के गांव महलौनी के रहने वाले और बिजली विभाग, जयपुर में कार्यरत पैरा स्विमर लाखन सिंह ने। लाखन ने गोवा में हुई 24वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में 3 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। लाखन ने 100 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर बैक स्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीता है। लाखन बिजली विभाग में कार्यरत हैं। 2012 में बिजली विभाग ज्वॉइन किया था। 2014 में 11 हजार केवी विद्युत लाइन पर काम करते समय करंट लगने से दायां हाथ जल गया और पोल से गिर गए थे। इससे रीढ़ की हड्डी में चोट आई। शरीर के निचले हिस्सा ने काम करना बंद कर दिया और वे पूरी तरह से दिव्यांग हो गए और उनकी जिंदगी व्हील चेयर पर आ गई। उस समय लाखन टेक्नीकल असिस्टेंट थे।

### हौसलों की उड़ान

लाखन जैसों से सीखिए... मन के हारे हार और मन के जीते जीत, पिता को देख बेटी तैराक बनी; स्टेट लेवल पर खेल रही लाखन बताते हैं, दुर्घटना के बाद दिव्यांग हो गया था... मेरी पत्नी ने मुझे जिंदा रखने के लिए बहुत मेहनत की। दो साल इलाज चला। 30 दिन आईसीयू में रहा।

वेंटीलेटर पर जिंदगी और मौत से लड़ता रहा। जब मेरा एक्सीडेंट हुआ था। उस समय डॉक्टरों ने कहा था हाथ काटना पड़ेगा। अब तक स्पाइनल कॉर्ड के 2 और हाथ के 4 ऑपरेशन हो चुके हैं। इसके बाद मैं स्विमिंग करने लगा। मुझे देखकर बेटियां दीक्षा और गुंजन भी स्विमिंग करने लगी हैं। बड़ी दीक्षा तो स्टेट लेवल पर क्वालिफाई भी हो गई है। लाखन बताते हैं कि उस एक एक्सीडेंट के बाद मेरी जिंदगी व्हीलचेयर पर आ गई। यहां तक कि मैं बाथरूम भी अपने आप नहीं जा सकता। हमेशा कैथेटर लगाए रखना पड़ता है। खुशी है कि स्विमिंग ने मुझे जिंदगी जीने का मकसद दे दिया। ऑफिस से जब भी समय मिलता है, एसएमएस के कोच अभिजीत पूनिया की देखरेख में स्विमिंग करता हूं।

प्रतियोगिता पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया व गोवा पैरालंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हुई। कमेटी के पदाधिकारी ने लाखन सिंह को मेडल पहनकर सम्मानित किया इस दौरान महासचिव जयवंत जीएच स्टेट कमिश्नर गुरु प्रसाद पवासकर डायरेक्टर वर्षा नायक और सेक्रेटरी डॉक्टर वीके दास मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री ने की राइजिंग राजस्थान समिट में कोटा की विशेषताओं की सराहना





बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट के उद्घाटन सत्र का सीधा प्रसारण सोमवार को कोटा के चंबल रिवरफ्रंट पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर किया गया। राइजिंग राजस्थान समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोटा डोरिया साड़ी और मुकुंदरा टाइगर रिजर्व की प्रशंसा की। उन्होंने कोटा के अद्वितीय उत्पादों और पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने विभिन्न अधिकारियों एवं जिले के उद्योगपतियों एवं गणमान्य सदस्यों के साथ भाग लिया। इस प्रसारण का उद्देश्य शहर के नागरिकों को राजस्थान की प्रगति और विकास कार्यों से अवगत कराना था।

**कोटा महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण :** कार्यक्रम के समापन के बाद जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने चंबल रिवरफ्रंट पर आयोजित किए जाने वाले कोटा महोत्सव के कार्यक्रमों की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने फूड कोर्ट, अमृता हाट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों को भव्यता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) अनिल सिंघल, एडीएम (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, पर्यटन अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) सविता कृष्णिया, उपनिदेशक (महिला अधिकारिता) मनोज मीणा, संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी), प्रबंधक (जिला उद्योग केंद्र) हरिमोहन शर्मा, उद्योगपति गोविंद राम मित्तल, अशोक महेश्वरी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।



## अतिक्रमण की जद मे अम्बानागर की तलाई प्रशासन है मौन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा नगर के अम्बानागर मे राजकीय विद्यालय के पास वर्षो पुरानी तलाई भूमि पर नाजायज़ अतिक्रमण की शिकायत ग्रामवासियो ने उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा विकास पंचोली को की जिसमे ग्राम वासियो ने आरोप लगाया की राजकीय विद्यालय और आंगनबाडी जाने वाले मुख्य मार्ग पर वर्षो पुरानी तलाई पर अतिक्रमियों ने दीवारे, रोड़िया, पत्थर डालकर दीवारे खड़ी कर रहे है। इस कारण से विद्यालय मे आने जाने वाले बच्चो पर गन्दगी की वजह से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने के साथ साथ पर्यावरण भी दूषित हो रहा है और पशु पक्षियों के पीने के पानी का महत्वपूर्ण साधन भीं ख़त्म होने के कगार पर है और इन बेज़ुबान पशु पक्षियों के पीने का पानी का संकट पैदा हो रहा है। अवैध अतिक्रमण की वजह से वर्षो पुरानी तलाई का अस्तित्व ही ख़त्म हो रहा है। तलाई मे वर्षो पुरानाबड़ा सीमा चिन्ह का पत्थर भीं लगा हुआ है जिसको भीं इन अतिक्रमियों ने दबा दिया है ग्राम वासियो ने पूरी तलाई से अवैध अतिक्रमण हटाने का ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को सौपा। ज्ञापन देने मे अम्बानागर, नई सिगरी, वार्ड न 1 से राहुल, किशन, मुकेश दिलीप, आशु आदि मौजूद थे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में ऑनलाइन लर्निंग और मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में 13 दिसंबर तक निट्टर चंडीगढ़ द्वारा ऑनलाइन लर्निंग और मूल्यांकन पर पांच दिवसीय लघु अवधि पाठ्यक्रम का आयोजन कॉलेज के रिमोट सेंटर में किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में 61 प्रतिभागी पंजीकृत हुए हैं। ये प्रतिभागी गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, आरटीयू कोटा और महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज कोटा से संबंधित हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य राजेश शर्मा और विभागाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल शिक्षा और मूल्यांकन आधुनिक शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लर्निंग छात्रों और शिक्षकों के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम है और यह शिक्षार्थियों को नवीनतम शैक्षणिक सामग्री तक पहुँचाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की क्षमताओं के विश्लेषण में सहायक है और शिक्षकों को व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान करने का अवसर देती है। रिमोट सेंटर समन्वयक डॉ. कविता शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के दौरान कुल 18 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन लर्निंग और मूल्यांकन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में तकनीकी नवाचार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं। ऑनलाइन लर्निंग न केवल शैक्षणिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाता है, बल्कि शिक्षार्थियों को उनकी गति से सीखने की आजादी भी देता है।

## यात्रियों को अनारक्षित टिकट के लिए लम्बी कतार से मिली राहत

### नवम्बर में यूटीएस एप से सबसे अधिक 1.44 लाख यात्रियों ने 45,965 टिकट किया बुक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत और लाइन में लगने की झंझट से निजात दिलाने के उद्देश्य से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्री रोहित मालवीय के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप का उपयोग करने के लिए मंडल में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप कोटा रेल मंडल में वर्तमान वितीय वर्ष के आठ महीनों में केवल नवम्बर में सर्वाधिक 1.44 लाख यात्रियों ने इस मोबाइल एप के माध्यम से कुल 45,965 टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को रुपये 41.69 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह आँकड़ा अबतक इस सत्र में सबसे अधिक है। जोकि गत सत्र के नवम्बर माह की तुलना में 101.74 प्रतिशत अधिक एप से टिकट बुकिंग है। यदि इस आठ महीनों में देखे तो अबतक 9 लाख यात्रियों ने 2.7 लाख टिकट यूटीएस एप से बुकिंग सुविधा का लाभ लिया। कोटा मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप की सुविधा उपलब्ध है। रेलवे ने हाल ही में एप से टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी की बाध्य सीमा 20 किलोमीटर को भी समाप्त कर दिया है जिससे यात्रियों को किसी स्थान से अपना टिकट बुक करने की सुविधा मिली है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप शुरू करने का उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट ले सकें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री रोहित मालवीय नें अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग एप से जुड़े हितों का लाभ उठाएं।

## "विशेष छूट योजना" 29 जनवरी तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा उद्योगों और प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "विशेष छूट योजना" शुरू की गई है जिसका उद्देश्य उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है और साथ ही पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन को बढ़ावा देना है।

यह योजना 60 दिनों के लिए लागू होगी, जो 1 दिसम्बर 2024 से 29 जनवरी 2025 तक रहेगी। क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने बताया कि योजना उन उद्योगों, सेवाओं व गतिविधियों पर लागू होगी, जो राज्य बोर्ड की श्रेणी अनुसार लाल, नारंगी और हरी श्रेणी में आते हैं और जो अभी तक राज्य मंडल की सम्मति प्रक्रिया में नहीं हैं। इन उद्योगों को जल अधिनियम, 1974 और वायु अधिनियम, 1981 के तहत निर्धारित प्रक्रिया और शुल्क के अनुसार स्थापना की स्वीकृति और संचालन की स्वीकृति के लिए आवेदन करना होगा।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ हुई प्रज्ञा पुराण कथा की पूर्णाहुति

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ, बूंदी की प्रेरणा से जोगियों का टापरा ग्राम पंचायत दौलाड़ा में चल रही सप्त दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा की पूर्णाहुति रामगंज बालाजी मंदिर परिसर में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुई। कथा प्रवक्ता पं. लोकेशनाराण शर्मा ने अन्तिम दिवस के अवसर पर नारद- विष्णु संवाद के माध्यम से घर -घर में बैठें बुराई रूपी रावण को गुरू प्रेरणा से दूर करने की प्रेरणा दी। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन ओम कसेरा व रोडुलाल वर्मा ने मन्त्रोंचारणों द्वारा पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न करवाया। ज्योति कलश यात्रा के जिला समन्वयक चन्द्र मोहन सिंह गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त व धन्यवाद ज्ञापित किया। सप्त दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा को सम्पन्न करवाने में छोटुनाथ फूंमाबाई, कैलाश नाथ बसंत बाई,पूर्व सरपंच जिला अध्यक्ष भील समाज मांगी लाल भील , बाबूलाल दैरान , राधेश्याम जोगी, बाबूनाथ मिठुनाथ, बलवीर, मुकेश,पूजा, धर्मराज, बाबूनाथ जोगी, पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के अवसर पर लाडुनाथ जी महाराज सुमनदास जी महाराज,गायक ओमप्रकाश वैष्णव, वरिष्ठ परिजन बृजसुन्दर शर्मा, दुर्व्यसन मुक्ति मंच जिला संयोजक किशन लाल कहार, सत्यनारायण जी महाराज गायत्री परिवार की वरिष्ठ सक्रिय महिला परिजन शारदा काबरा,शुशीला दाधीच,भगवती हाड़ा,कैलाशवती गौड़, अन्नपूर्णा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर 10 दीक्षा संस्कार ,2 पुंसवन संस्कार हुऐ।अन्तिम दिवस पर प्रज्ञा पुराण कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प दिलाया।महाप्रसादी वह शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का विसर्जन हुआ।



## अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के आवेदन की तिथि 31 तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के के लिए ऑनालाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नाहिद ने बताया कि योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय की स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षाओं (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में नियमित रूप से अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्र जो कमरा किराए पर लेकर अध्ययन कर रहे हैं, उन छात्रों हेतु आवास, भोजन एवं बिजली-पानी आदि सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राषि के रूप में 2 हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह के लिए) दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र ई-मित्र या एस.एस.ओ. आई.डी. के माध्यम से 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। पात्रता के लिए सामान्य दिषा-निर्देषों का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## कौमी एकता सोसाइटी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के मार्फत महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन दिया। कौमी एकता सोसायटी जिला अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध मैं कौमी एकता सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष पीरजादा शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के मार्फत महामहीम राष्ट्रपति, व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपा द्य ज्ञापन में कहां की बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए उन्हें सुरक्षा प्रदान करवाई जाए इस अवसर पर समाजसेवी गुड्डू कादरी, नगर परिषद के उपसभापति लटुर भाई कौमी एकता सोसाइटी उपाध्यक्ष मौलाना असलम महमूद अली, राशिद खान, मुकेश जैन, मानकसोनी, रोहिताश शर्मा सहित कौमी एकता सोसाइटी के सदस्यों ने अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया तथा बांग्लादेश में हो रहे इस प्रकार के कृत्यों की निंदा की।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कपासन के विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के निर्देशन में 22 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विभिन्न क्षेत्रीय विभागीय अधिकारियों के साथ अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपासन डॉ. महेंद्र सोलंकी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विभागीय सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया।साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत की तामीलें शत-प्रतिशत बाद तामील करवाई जावे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी एवं तहसील कार्यालय के अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के अधिक से अधिक निस्तारण करने सहित हेतु बिजली विभाग,पीएचईडी विभाग, दूरसंचार विभाग एवं बैंक के प्रि-लिटिगेशन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इस बैठक में उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका,पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, विद्युत विभाग सहायक अभियंता मुनीश कावंत, जल अभियांत्रिक विभाग सहायक अभियंता फूल सिंह मीना आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## बेलगाम दौड़ रही बालवाहनियाँ, बच्चों की सुरक्षा पर सवाल, जिम्मेदार मौन, गैर जिम्मेदार अभिभावक

### मनचाहा शुल्क वसूलने के बावजूद अवैध बालवाहनियाँ प्रतिष्ठित स्कूलों के सामने स्कूल की शोभा बढ़ा रही हैं

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता के निजी स्कूल संचालक अवैध वाहनों का संचालन कर रहे हैं, जो बालवाहनियों के नाम से चलाए जा रहे हैं। घटनाएँ घटित होने के बावजूद, निजी स्कूल संचालक अवैध वाहनों का संचालन करने में बाज नहीं आ रहे हैं। आपको बता दें कि स्कूल वाहनों में बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाया जा रहा है, लेकिन अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, और स्कूली वाहन चालक परिवहन विभाग के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। वाहनों में बच्चों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया जा रहा है, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। इसके बावजूद, न तो परिवहन विभाग और न ही ट्रैफिक पुलिस इस पर कोई कार्रवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली बच्चों के वाहनों के संचालन के लिए गाइडलाइंस तैयार की हैं, लेकिन मैजिक वाहन चालक इन गाइडलाइनों का पालन नहीं कर रहे हैं। हालांकि, यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोडिंग, टैक्सी परमिट, पीला रंग पुतवाने और ड्रेस कोड के पालन पर जोर दिया गया है, लेकिन स्कूल संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमानुसार, मैजिक वाहनों में 6 से 8 बच्चों को बैठाने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश मैजिक वाहन चालक क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रहे हैं।

**नियमों की अनदेखी कर चल रही बालवाहनियाँ :** जिले में गैर सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है, और सभी स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए वाहन रखे गए हैं, जो मानकों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। बच्चों को वाहनों में भूसे की तरह भरा जाता है। चालक भी प्रशिक्षित नहीं होते, जिससे बच्चों को किसी दुर्घटना के दौरान बचाना मुश्किल हो सकता है। क्षेत्र के विभिन्न गैर सरकारी स्कूलों में करीब 200 बड़ी और छोटी बसें और मैजिक चल रही हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन जिला परिवहन विभाग से हुआ है। हालांकि, इन वाहनों में बच्चों को सही तरीके से बैठाने की जगह उन्हें खड़ा किया जाता है।

**अभिभावकों से अपील :** जिला परिवहन अधिकारी जाट ने कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय ध्यान रखना चाहिए। यदि वाहनों में ओवरलोडिंग हो तो बच्चों को न भेजें। यदि मानकों की अनदेखी की जा रही हो, तो स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग से इसकी शिकायत करें। इस मामले में प्रशासन और स्कूल संचालकों को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



# बांग्लादेश हिन्दू हिंसा के विरोध में शहर में निकला जुलूस, राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

## देश की सरकार और सेना से कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में लोकत्रांत्रिक सरकार के तख्तापलट के बाद लगातार हो रहे हिंदुओ पर हमले और कत्लेआम के विरोध में सोमवार को सर्व हिन्दू समाज द्वारा शहर में जुलूस निकाला गया और किला परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। जुलूस का नेतृत्व कर रहे आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ एसडी मंगल,हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर एवं विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ जितेंद्र गुलपारिया सहित तमाम लोगों ने बताया कि पड़ोसी देश बंगाल देश में लोकतांत्रिक सरकार का तख्ता पलट कर दिया गया है। वहां इस्लामी कट्टरपंथी शक्तियों द्वारा हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। हजारों हिंदुओं को मार दिया गया है। मीडिया के माध्यम से जानकारियां निकाल कर आ रही है। उनमें हिंदुओं के घरों को जलाया जा रहा है। हिंदुओं को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है। कुकृत्य हो रहे हैं। हिंदुओं की महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी वारदात है सामने आ रही है। कट्टरपंथी युवा हथियारों के बल पर नरसंहार कर रहे हैं। ऐसे में हमारा देश जो वसुदेव कुटुंबकम की भावना रखता है और विश्व में सबसे बड़ा देश है। उसे बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए। 1970 के दशक में जब पूर्वी पाकिस्तान के शासको द्वारा हिंदुओं का नरसंहार किया गया। तब भी भारत की सेना द्वारा बल प्रयोग करके वहां के क्रूर शासको को उखाड़ फेंका गया था। जिसमें बांग्लादेश का जन्म हुआ था। जिस बांग्लादेश को बनाने में भारत ने अपना योगदान दिया। आज वही बांग्लादेश और वहां के कट्टरपंथी हिंदुओं के दुश्मन बन गए हैं। जिसमें भारत सरकार का और देश की सेना का इस समय पर एक्शन लेना जरूरी है। इसी को लेकर सर्व हिंदू समाज द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया गया है और राष्ट्रपति के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया है।






### मां राज राजेश्वरी के मन्दिर से शुरू हुआ जुलूस, पूरे शहर में निकला

मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर पर सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। जहां पर एक बैठक आयोजित हुई जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर, सनातन धर्म पर लगातार विधर्मियों द्वारा हो रहे अन्याय और अत्याचार को लेकर चर्चा की गई साथ ही हिंदू समाज आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कचहरी परिसर के सामने दाऊजी मन्दिर पर सम्पन्न हुई। जहां पर शहर के गणमान्य बंधुओं को देश के नाम उद्बोधन हुआ साथ ही बांग्लादेश में जल्द ही शांति अमन चैन हो इसके लिए सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। इसके उपरांत देश की महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की कि शीघ्र अतिशीघ्र बांग्लादेश में विधर्मियों द्वारा हो रहे अन्याय अत्याचार को काबू में किया जाए। हिंदू परिवारों को सुरक्षित किया जाए। मठ मंदिरों की,संतों की,सनातन धर्म की सुरक्षा की जाए। इस मौके पर समाजसेवी भगवान दास बंसल,ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मुकेश विधौलिया,गोपेश पचौरी, अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.राधेश्याम गर्ग, डा.अशोक शर्मा,विहिप के प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले,बजरंग दल के प्रखंड संयोजक भूरा पहलवान, कुशवाह फाउंडेशन अध्यक्ष रिंकू कुशवाह,संघ के खण्ड कार्यवाह लखन लाल हिन्द,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दिनेश गुर्जर,हेमंत गुर्जर,भीम सिंह, उदय सिंह ,अनुराग गुर्जर,अभिनव शर्मा, सूरज, पवन,राजू गुर्जर,मोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्री एकलिंग नाथ पालिवाल सेवा संस्थान द्वारा समाज की बेटी का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिले में वर्तमान में नियुक्त प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी लतिका पालीवाल का श्री एकलिंग नाथ पालीवाल सेवा संस्थान जिला राजसमंद के पदाधिकारी द्वारा आज जिला कलेक्टर राजसमंद पर इकलाई एवं एकलिंग नाथ भगवान की छवि भेंट कर स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की ।



इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष हगामी लाल पालीवाल, सचिव एडवोकेट भरत पालीवाल, दिनेश पालीवाल, माधव लाल पालीवाल, राधेश्याम पालीवाल, रामशंकर पुरोहित, प्रकाश पालीवाल, नर्बदा शंकर पालीवाल , रूपलाल जोशी, लक्ष्मीलाल पुरोहित नरोत्तम जोशी, भंवर लाल पालीवाल, निर्भयनारायण पालीवाल, कुलवन्त जोशी, गूँजन पालीवाल, निकिता पालीवाल सहित समाज के बन्धु उपस्थित थे।

# मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी की सेवानिवृत्ति पर पीएम श्री रा. उ. मा. वि. में विदाई समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** सोमवार दिनांक 9 दिसंबर 2024 को जिला धौलपुर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान दाऊ दयाल शर्मा जी का विदाई समारोह पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाडी में आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों द्वारा सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्य हरिओम सिंह जी ने पूर्व में दाउदयाल शर्मा जी के साथ बिताए गए दिनो को याद किया उनके स्नेह के लिए धन्यवाद दिया व उनके बेहतर स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा जी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे आप जैसे अधिकारी के साथ कार्य करने का मौका मिला जिससे मेरे जीवन में कार्य को आगे बढ़ाने में बहुत सहायता मिली मैं आपको दिल से धन्यवाद देता हूं और आपके द्वारा सिखाई गई संदेशों को जीवन भर याद रखूंगा। कार्यक्रम के अंत मे ष्टष्ठश्वह्र दाऊदयाल जी ने कहा सेवानिवृत्ति का अनुभव मुझे यह सिखाता है कि जीवन के हर चरण का अपना महत्व है और हमें हर पल का आनंद लेना चाहिए। यह अनुभव मुझे आत्मसंतोष और गर्व से भर देता है, क्योंकि मैंने अपने करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वह मेरे लिए गर्व की बात है। आप सभी का धन्यवाद, जिन्होंने इस यात्रा को यादगार बनाया। धन्यवाद और शुभकामनाएं इस मौके पर AAO महेश अवस्थी विद्यालय स्टाफ के सदस्य उप प्राचार्य नीरू शर्मा,रहिश खान, शिवशंकर गर्ग, पुष्पेन्द्र शर्मा, भंवर सिंह, माधोसिंह मीना, शरण विहारी पराशर, हुकम अग्रवाल, रेनु गर्ग, नीलम मीना, मुकेश शर्मा, अरुण कुमार, रणजीत सिंह उपस्थित रहे ।



# जिलेभर में आयोजित होंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य भवन में ली तैयारीयों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( नि.स. )।** राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश भर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो का आयोजन किया जायेगा। जिले में भी 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर शिविरो का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये राज्य स्तर द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के अनुसार सभी चिकित्सा अधिकारी तैयारी सुनिश्चित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने जिले में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो को लेकर स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में दिये। उन्होंने बताया कि शिविरो में एलोपैथी के साथ ही आयुष पद्धति के माध्यम से भी रोगो का निदान एवं उपचार किया जायेगा। आवश्यकतानुसार अतिविशिष्ट विशेषज्ञ चिकित्सको एवं विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से भी नागरिको को लाभान्वित किया जाएगा। शिविरो में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चो का टीकाकरण, असंक्रामक रोग डायबिटिज, हाइपरटेंशन, कॉमन कैंसर एव अंधता रोगीयों की स्क्रीनिंग की जायेगी। आवश्यकता होने पर एम्बूलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थान पर ले जाकर भी उपचारित किया जाएगा। सभी शिविरो में जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र उपचार की दृष्टि से पंचायत समिति मुख्यालयों पर फोलोअप एवं जिला स्तर पर रेफरल शिविरो का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उपचार किया जायेगा। पंचायत समिति मुख्यालयो पर फोलोअप एवं जिला स्तर के रेफरल शिविरो में मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जांच करवाकर दिव्यांगजन को यूडीआईडी प्रमाण पत्र जारी किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि शिविरो के सफलतापूर्वक संचालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याया एवं अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भुमिका होगी। बैठक में विभागीय अधिकारीयों को उनकी भुमिका एव अपेक्षाओं के बारें में जानकारी दी गई। बैठक में शिविर आयोजन के स्थान चयन, शिविर पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, शिविर में दी जाने वाली सेवाओं के बारें में जानकारी देते हुए आवश्यक उपकरणो एवं दवाईयो एवं जांच व्यवस्थाओं के बारें में बताया गया तथा किसी भी समस्या के लिये जिला स्तर पर संपर्क करने के लिये निर्देशित किया गया। शिविर के लिये राज्य स्तर से निर्धारित दायित्वो के बारें में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारीयों को अवगत करवाया गया तथा शिविर स्थल पर उस सैक्टर के विभागीय कार्मिको की उपस्थिती सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में अधिक अधिक लोगो को शिविरो के माध्यम से लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया गया।



# 6 माह से सड़कों पर भरा है सीवरेज का पानी

## बदबू से लोगों का जीना मुहाल, प्रशासन से की पानी की निकासी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में सीवरेज चौक होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुराना शहर स्थित बटऊपुरा मोहल्ले में पिछले 6 माह से सीवरेज चौक होने की वजह से जल भराव बना हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सोमवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से पानी निकासी की मांग की हैं।

प्रदर्शन करते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी कालोनी में पिछले 6 माह से सीवरेज बंद होने से नाली का गंदा पानी सड़कों पर भरा हुआ है लगातार जल भराव होने होने की वजह से लोग घरों में कैद हैं। सुबह स्कूल को जाने वाले बच्चों को उनके परिजन बाइक से मुख्य सड़क तक छोड़कर आते हैं। जिसके बाद बच्चे स्कूल में पहुंचते हैं। सोमवार को जल भराव की समस्या से परेशान लोगों ने कॉलोनी में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से सीवरेज को ठीक करा कर पानी निकालने की मांग की हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नगर परिषद और प्रशासन को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रदर्शन कर चुके हैं। जिसके बावजूद अभी तक



उनकी समस्या पर कोई सुनवाई नहीं हुई हैं। स्थानीय लोगों ने समस्या का समाधान ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं।

# विधवा पुनर्विवाह को लेकर अभियान चलाएगी त्यागी ब्राह्मण महासभा : बैठक में तैयार की कार्य योजना, गांव-गांव जाकर करेंगे जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर शहर के ओंडेला रोड स्थित एक निजी गार्डन में अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा (युवा इकाई) की बैठक आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। बैठक में समाज सुधार की दिशा में आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, जिसमें विधवा पुनर्विवाह को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। बैठक को लेकर महासभा के युवा जिलाध्यक्ष भारत भूषण त्यागी ने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना हमारी प्राथमिकता है। विधवा पुनर्विवाह जैसे संवेदनशील विषय पर जागरूकता अभियान चलाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा कार्यकारिणी की टीम प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक करेगी और पुनर्विवाह के सामाजिक व कानूनी पहलुओं पर जानकारी देगी। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग और संकल्प लिया। बैठक के दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने त्यागी ब्राह्मण महासभा के संस्थापक डॉ. भगवान सिंह त्यागी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विकास त्यागी, विजय त्यागी, और शिवराज त्यागी ने युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में राजकुमार त्यागी, गजेंद्र त्यागी, सूरज त्यागी, संतोष त्यागी, भूदेव त्यागी, विष्णु त्यागी, हरिओम त्यागी, मानवेंद्र त्यागी, धर्मेंद्र त्यागी, केशव त्यागी, हेमंत त्यागी, अनिल त्यागी और हरिकांत त्यागी समेत समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 18 महीने से लापता है शहर की गायत्री कॉलोनी निवासी मंदबुद्धि किशोर आकाश

## परिजन छोड़ चुके थे जीने की आस लेकिन आधार अपडेट होने से जगी उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की गायत्री कॉलोनी से एक 19 वर्षीय मंदबुद्धि बालक पिछले 18 महीने से लापता है। परिजन बालक के गायब होने पर लगातार तलाश करने और पुलिस में मामला दर्ज करने के महीनों बाद भी कोई पता नहीं लगने पर उसके जिंदा होने की आस छोड़ चुके थे लेकिन 4 महीने पहले गुमशुदा बालक का आधार अपडेट हुआ है। ऐसे में परिजनों को एक बार फिर से बालक के जिंदा होने की उम्मीद जगी है। जिसको लेकर परिजन पुलिस और प्रशासन के बार-बार चक्कर लगा रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक आधार अपडेशन को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं निकाल पाई है कि आधार कहां से अपडेट हुआ है और किसने अपडेट कराया है। शहर के तुलसीवन रोड़ गायत्री कॉलोनी निवासी लापता 19 वर्षीय किशोर आकाश पुत्र बेदरिया प्रजापति के बड़े भाई विनोद कुमार ने बताया की उनका छोटा भाई 19 वर्षीय आकाश प्रजापति मंदबुद्धि है। जो ठीक से बोल भी नहीं पाता है। किशोर आकाश 15 जून 2023 से घर से लापता है। जो घर के बाहर थोड़ी दूरी पर स्थित एक दुकान पर सामान लेने गया था। बाद में ना तो घर पहुंचा ना दुकान पर। जिसकी काफी तलाश की गई जिसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा। ऐसे में बाड़ी कोतवाली थाने में किशोर आकाश के लापता होने का मामला दर्ज कराया गया। जिसकी जांच पुलिस द्वारा लगातार की गई लेकिन पुलिस भी लापता हुए आकाश का कोई पता नहीं लगा पाई।

**परिजनों ने छोड़ दी थी जिंदा होने की आस :** लापता आकाश के पिता बेदरिया ने बताया कि लगातार तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा और कई महीना गुजर गए तो उन्होंने आकाश की जिंदा होने की आस छोड़ दी। मां तो आकाश की याद में मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गई है। पूरा परिवार ही आकाश के लापता होने पर परेशान है लेकिन जब महीनो उसका कोई पता नहीं लगा तो उन्होंने उसके जिंदा होने की आस ही छोड़ दी।



**अगस्त महीने में आकाश का आधार हुआ अपडेट,डाक से घर आया लिफाफा :** 4 महीने पहले अगस्त महीने में आकाश का आधार अपडेट हुआ है। जिसका लिफाफा घर आया है। जिसको किसी ने अपडेट कराया है। जिसका शुल्क 50 रु लगा है। आकाश खुद में आधार अपडेट कराने में सक्षम नहीं है। ऐसे में अब परिजनों को आकाश के जिंदा होने के साथ उसके किसी के चंगुल में फंसे होने की आशंका है।

# रेलमंगरा बार एशोसिएशन के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न चोधरी दूसरी बार बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमन्द जिले के रेलमगरा बार एसोसिएशन के चुनाव सोमवार को निर्विरोध संपन्न हुवे जिसमें अधिवक्ता सुरेश चौधरी लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए चुनाव अधिकारी जगदीश चंद्र कुमावत एवं लालसिंह राठौड़ ने बताया कि रेलमगरा बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु अध्यक्ष पद पर सुरेश चौधरी,उपाध्यक्ष रमेश अहीर, सचिव मुरलीधर दशोरा, कोषाध्यक्ष महेश सोनी,सह सचिव संजय शर्मा, पुस्तकालय सचिव दीप्ति दिक्षित के एक-एक नाम ही आए जिस पर सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों का साफा व उपरणा ओढ़ा कर स्वागत किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपमा भटनागर, मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय सोलंकी एवं ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी यतिन्द्र चौधरी थे इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश अनुपमा भटनागर ने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन होने से सभी अधिवक्ताओं के बीच मधुर संबंध बने रहेंगे वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन के विकास में अधिक से अधिक कार्य करेंगे तथा बार एसोसिएशन की गरीमा बनाए रखेंगे इस अवसर पर चावण्ड सिंह शक्तावत, घनश्याम सिंह चौहान,परसराम जाट,राकेश सनाढ्य, मुकेश टुकल्या,मुकेश शर्मा,नवल सिंह राणावत, रोशन साहू,कुलदीप शक्तावत,किशन लाल जाट,मदनलाल सालवी,शांतिलाल जाट, दिनेश आचार्य सहित कुवारिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश पंचोली एवं समस्त स्थानीय अधिवक्ता उपस्थित थे।



# सामयिक एवं महान गुरुओं का गुणगान का कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** खातर महल में सोमवार को उप प्रर्वतनी पुज्या शान्ता कुवर जी म.सा. आदि ठाणा 3 साध्वी प्रेक्षा जी म.सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में जैन दिवाकर चौथमल जी म.सा. का पुण्य स्मृति दिवस उतर भारतीय उपाध्याय जितेंद्र मुनि जी म.सा. का दीक्षा दिवस मेवाड़ प्रवर्तक अम्बा लाल जी म.सा. दीक्षा दिवस मनाया गया। श्रमण संघ अध्यक्ष किरण डांगी ने बताया कि उप प्रवर्तनीय साध्वी शांता कंवर जी म.सा. ने चौथमल जी और आगम ज्ञाता प्रेक्षा जी ने जितेंद्र मुनि जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। साध्वी जी ने महान संत अम्बा लाल जी म.सा. का गुणगान किया। इस अवसर पर 250 श्रावकों ने 3/3 सामयिक के प्रत्याख्यन लिए और 90 श्रावक श्राविकाओं ने गुप्त एकाशना का लाभ लिया। संगीता चिप्पड़, इंदु बाफना ने गुरु भक्ति के साथ महान आत्माओं के जीवनी पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ श्रावक सागर मल सुराना ने संतो की जीवनी का गुणगान किया। सभी साध्वियों का आशीर्वाद भी सभा में मिला। इस अवसर पर भीलवाड़ा डूंगला, भादसोड़ा, मंगलवाड सहित कई शहरों के श्रावक उपस्थित थे। सभा के अंत में गुप्त लाभार्थी परिवार द्वारा एकाशन का लाभ लिया गया। संचालन श्रमण संघ अध्यक्ष किरण डांगी ने किया।

# पूर्व राज्यमंत्री ने किया निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** अलख नयन मन्दिर नेत्र संस्थान उदयपुर की ओर से अलख जिला अन्धता नियंत्रण समिति उदयपुर की स्वीकृति से ग्राम पंचायत नेतावल की महाराज में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने किया। पिछले 12 वर्षो से ग्राम पंचायत में इस तरह का नेत्र चिकित्सा शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 150 मरीजों की जांच की गई तथा 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया जिन्हे उदयपुर ले जाया गया जिनका आपरेशन कर नि:शुल्क लेंस पर्त्यारोपण किया जायेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्रसिंह जाड़ावत ने इस मौके पर कहा कि शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग नेत्र है और समय समय पर इनकी जांच जरूर कराना चाहिए। भाग दौड़ भरी जिंदगी में गांव के लोग नेत्र जांच नहीं करवा पाते हैं जिससे की धीरे धीरे नेत्र संबंधित कई बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। ग्राम पंचायत की ओर से पिछले 12 वर्षो से राजदीप सिंह राणावत के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन जा रहा है। ऐसे आयोजन होने से गांव के लोगों को इलाज कराने में काफी सहयोग होती है। अलख नयन आई हॉस्पिटल के डॉक्टर सावन कुमार गौड़ ने बताया की जो ग्राम पंचायत महाराज की नेतावल में अलख नयन आई हॉस्पिटल द्वारा आंखों का नि:शुल्क शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 150 मरीजों की जांच की गई 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया जिन्हे उदयपुर ले जाया गया जिनका आपरेशन कर निशुल्क लेंस पर्त्यारोपण किया जायेगा, इस चिकित्सा शिविर में नि:शुल्क आँखों की जाँच, बीपी, शुगर की जाँच, चयनित ऑपरेशन रोगियों का उदयपुर' अलख नयन मन्दिर' में ईलाज, नि:शुल्क चश्में के नम्बर की जाँच एवं चश्मा खरीदने की सुविधा, जरूरतमंद रोगियों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन, चश्मे,




दवाईयां, लैंस, भोजन व आवास व आने जाने की सुविधा, प्रशिक्षित नेत्र विशेषज्ञ सहायक द्वारा आँखों की जाँच व इलाज, नई तकनीक द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन छोटे चीरे (फंको) तकनीक से इलाज किया जाएगा।

# फुटबॉल खिलाड़ियों का एक दिवसीय कैम्प हुआ आयोजित

## कैम्प में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ के महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज मैदान पर इंडिया खेलो फुटबॉल एवं मॉर्निंग फुटबॉल चित्तौड़गढ़ क्लब के संयुक्त तत्त्वधान में एवं जिला फुटबाल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना के निर्देशन में फुटबॉल खिलाड़ियों का एक दिवसीय कैम्प आयोजित हुआ। कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव एवं मार्निंग क्लब चित्तौड़गढ़ के सचिव धर्मेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इंडिया खेलो फुटबॉल एवं मॉर्निंग फुटबॉल चित्तौड़गढ़ क्लब के संयुक्त तत्त्वधान में तथा जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना एवं सचिव फैसल खान के सहयोग से रविवार को अंडर 13, 15 व 17 वर्ष की आयु के फुटबॉल खिलाड़ियों की ट्रायल ली गई। चित्तौड़गढ़ में प्रथम बार इस तरह की ट्रायल आयोजित हुई है जिसमें 200 से अधिक बालक एवं बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया। कैम्प में जिला चित्तौड़गढ़, निंबाहेड़ा सहित अन्य कई जिला क्षेत्रों से आए फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। तंवर ने बताया कि कैम्प में सभी अंडर 13, 15 व 17 वर्ष की आयु के बच्चों के कैटिगरी वाइज मैच आयोजित किए गए। जिसमें बालिकाओं के मैच अलग से हुए ट्रायल में चयन इंडिया खेलो फुटबॉल वालों की तरफ से होगा। चयनित खिलाड़ी आगे नेशनल जोन में आयोजित ट्रायल कैम्प में जाएंगे। ट्रायल कैम्प में मॉर्निंग फुटबॉल क्लब के समस्त सदस्य और आईकेएफ की टीम मौजूद थी। साथ ही जिला फुटबाल संघ के संयुक्त सचिव एवं पूर्व नेशनल खिलाड़ी इफ्तेखार अहमद पाती,सदस्य रफीक खान सहित फुटबॉल प्लेयर्स संकेत, लखन नाथ, वसीम खान, पिंटू, राजू भाई, शहीद हुसैन, इमरान खान, तालिब, प्रदीप, ओम नाथ जी, मोहम्मद शकील उर्फ गनी, जगदीश समदानी, राकेश लोढ़ा, कान्हा, नवदीप, हिमांशु, तालिब, अरशद, रिजवान मंसूरी, भारत सोडा, अकरम हुसैन, सूरज, पुष्कर चौधरी, बंटी भाई, बाबू, निखिल इत्यादि ने कैम्प में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। कैम्प में फिजियोथैरेपी की सेवाएं डॉक्टर रिचा ने दी।



# प्रयागराज महाकुंभ 2025 हेतु श्री सांवलिया धाम मूंगाना से 20 संतो का प्रथम जत्था रवाना



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु मीरा मेवाड़ खालसा के साथ 20 संतो का प्रथम जत्था महाकुंभ के लिए सोमवार को रवाना हुआ। जानकारी अनुसार उपखंड क्षैत्र कपासन में स्थित श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना के संस्थापक महन्त चेतनदास महाराज के सानिध्य में अखण्ड अन्नक्षेत्र की सेवा चारो कुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार,नासिक व उज्जैन में श्री मीरा मेवाड़ खालसा के नाम से की जाती रही है।जिसमे प्रतिदिन हजारो संत एवं भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं। उल्लेखनीय हैं कि इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ 2025 में 12 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक श्री मीरा मेवाड़ खालसा लगने जा रहा है।जिसके तहत सोमवार को श्री मीरा मेवाड़ खालसा के अधिकारी रामसागरदास महाराज हमीरगढ के साथ 20 संतो का प्रथम जत्था श्री सांवलिया सेठ का आशीर्वाद लेकर मुंगाना आश्रम से प्रयागराज महाकुंभ के लिये रवाना हुआ।

उक्त दल वहां सर्वप्रथम प्लॉट, टेंट, लाइट, भोजनशाला , आवास आदि व्यवस्थाओ के लिए रवाना हुआ है।

# फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम 'रूबरू- 2024' का आयोजन

## एम.एससी पूर्वार्द्ध की छात्राओं का किया स्वागत व अभिमुखीकरण




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** डाबला रोड़ स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में सोमवार को रसायन शास्त्र विभाग द्वारा नव प्रवेशित एम.एससी पूर्वार्द्ध की छात्राओं का स्वागत, अभिमुखीकरण व फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम रूबरू– 2024 का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने छात्राओं को बताया कि निडर होकर अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हरसंभव कार्य जी जान लगाकर करना चाहिये। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर सभी अवसर को उपलब्धि में परिवर्तित करने के लिये प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना चौधरी ने छात्राओं को रसायन शास्त्र का अपने जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रताप सिंह व प्रीति गुप्ता द्वारा रसायन शास्त्र की छात्राओं को वर्तमान में विषय की उपयोगिता के बारे में बताया गया। प्रो. बिशम्भर दयाल ने महाविद्यालय में हुये नवाचारों की चर्चा करते हुये महाविद्यालय की छात्राओं को कर्मरत्त रहने की प्रेरणा दी। छात्राओं द्वारा एकल गीत, लोक नृत्य, समूह गीत आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मिश फ्रेशर छात्रा मनीषा कुमारी रही एवं मिश रनरअप छात्रा मुस्कान सैनी रही। मंच संचालन छात्रा प्रियंका, प्रिया एवं आरती ने किया। इस दौरान महाविधालय स्टॉफ एवं छात्रायें मौजूद रही।

# राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण विभाग ने किरोडीलाल मीणा के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

## पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य में बाधा डालने और माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान जिला शाखा ब्यावर के सेवानिवृत कर्मचारियों ने राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व पुलिस महानिर्देशक के अलग-अलग नाम से जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के मार्फत राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोडीलाल मीणा द्वारा ही प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर कर पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार व अपमानित कर कानून व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया है। सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन मे बताया कि मार्च 2024 मे राजकार्य कर रहे वृत्ताधिकारी बोली जिला सवाईमाधोपुर, अंगद शर्मा आरपीएस को रात्री के समय अवैध बजरी परिवहन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने पर केबिनेट मंत्री की उपस्थिति मे बजरी माफियाओं द्वारा दुर्व्यवहार करने, 23 जून 2024 को मलारना डूंगर के थानाधिकारी सम्पत सिंह (एसआई) के द्वारा रात्री मे बजरी खनन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के दौरान केबिनेट मंत्री मीणा के संरक्षण मे दुर्व्यवहार कर शारीरिक बल का प्रयोग करने और अवैध खनन माफियाओं को मय वाहन के छुडवाकर राजकार्य मे बाधा डालने का कृत्य किया है। इसी तरह राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सुरेश काठात ने बताया कि 21 नवम्बर 2024 को सवाईमाधोपुर पुलिस अधीक्षक की गैरमौजूदगी होने की जानकारी होने के बावजूद उनके सरकारी आवास पर बडी संख्या मे बजरी माफियाओं को लेकर जनसुनवाई करना। एसपी सवाईमाधोपुर ममता गुप्ता (आईपीएस) राजकार्य से बाहर होने पर उनके घर के बाहर चल रही जनसुनवाई से बच्चे अत्यधिक भयभीत हो गये। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री किरोडीलाल मीणा के इस तरह के कृत्य से एक महिला पुलिस अधिकारी अपने आवास मे अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। दुर्भाग्यवश यह ना केवल राज्य सरकार के लिये शर्मनाक बात है बल्कि प्रदेश के लिये भी शर्मनाक बात है। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान ने केबिनेट मंत्री किरोडीलाल मीणा द्वारा पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध किये जा रहे अपमानजनक, अमर्यादित शब्दों के प्रयोग मे लाने और विधि विरूद्ध कार्य किये जाने की कडे शब्दों मे निन्दा की है।




# भागवत कथा में रुक्मणी विवाह के दौरान झूम उठे श्रद्धालु, कथा स्थल बना मथुरा वृंदावन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** बृजमोहन लाल शर्मा नगर स्थित कुबरेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित भागवत कथा के षष्ठम दिन रुक्मणी विवाह का प्रसंग आने पर कथा पंडाल में मौजूद महिला पुरुष श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। आज की कथा के दौरान कथावाचक भाव पीयूष बाबुलनाथ महाराज ने कहा कि चाहे कोई कितना भी बड़ा विद्वान या राजा ही क्यों न हो उसे अपने कर्मों का परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने के कहा रावण ने सीता माता का अपहरण कर अपना राज खोया पुत्रों को गंवाया। इसी प्रकार कंस ने भी अपनी बहन के ही पुत्रियों को मरवाया, जेल में तृष्णा दी नतीजतन अपने भांजे के हाथों मारा गया। इससे पहले कथा के दौरान भगवान का गोपियों सहित रास में प्रवेश, उज्जैन के अवनी स्थित संदीपनी आश्रम में विद्या अध्ययन का प्रसंग सुनाया। उद्धव को प्रेम ज्ञान प्राप्त होने पर प्रकाश डाला। कथा से जुड़े दिनेश शर्मा ने बताया कि कल कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, यज्ञ आदि का प्रसंग होगा। आज की कथा के दौरान दिनेश शर्मा, ऋतु शर्मा, राम प्रसाद साहू, गुणवंती देवी, चतुर्भुज साहु, देवेंद्र शर्मा देवकरण शर्मा मंजू प्रजापत लाली बाई, कमल जांगिड़, कंचन बाई प्रजापति, विप्र सेना के पदाधिकारी रमेश शर्मा मनोज व्यास और चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री सहित दिनेश पायलट आदि मौजूद रहे ।

# नालसा योजनाओं के संबंध में लगाया जागरूकता शिविर

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार सोमवार को तालुका विधिक सेवा समिति खंडार के पैनल अधिवक्ता हरिलाल बैरवा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर खंडार में नालसा योजनाओं के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित (तस्करी और वाणिज्यिक यौन पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा (आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015), (आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2010), (मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015), (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015) आदि नालसा योजनाओं के साथ-साथ राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना 2011 के संबंध में विद्यार्थियो को जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# बालकृष्ण शुक्ला को पितृ शोक

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के पूतली रोड़ दुर्गा माता मन्दिर के पीछे स्थित गोविंद विहार कॉलोनी निवासी पत्रकार बालकृष्ण शुक्ला के पिता प्रयागदत्त शुक्ला का सोमवार को निधन हो गया। वे करीब 62 वर्ष के थे। मंगलवार को सुबह 09 बजे नागाजी की गौर स्थित मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। प्रयागदत्त शुक्ला मूल रूप से यूपी के अमेठी जिले के ककवा-बियसिया गांव के रहने वाले थे। वे अपने पीछे पत्नी सावित्री देवी, दो पुत्र क्रमश- बालकृष्ण शुक्ला व श्रीकृष्ण (सूरज), भाई शोभनाथ शुक्ला, पुत्री संतोष, सरिता व ललिता, पौत्र प्रियांशु और सात्विक समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ कर गये है। उनके निधन पर बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शोक जताया है। साथ ही पत्रकार बालकृष्ण शुक्ला समेत पूरे परिवार को ढ़ांढ़स बंधाया।

# विद्यार्थियों को इंटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड़ द्वारा दिये 25 लीटर क्षमता के 8 गीजर, छात्रावास में लगेगें

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत की प्रेरणस्वरूप व आग्रह पर इंटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड फर्म द्वारा सीएसआर गतिविधियों के तहत 25 लीटर क्षमता वाले 8 गीजर प्रशासन को उपलब्ध कराए।जिला कलेक्टर के निर्देश पर यह गीजर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित 8 बालक बालिकाएं छात्रावास में लगाये जाएंगे। छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों के लिए गीजर उपलब्ध होने से सर्दी के मौसम में गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी । जिला कलेक्टर ने गीजर उपलब्ध कराने के लिए इंटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के सीएमडी व अन्य पदाधिकारियो की सराहना की। इंटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के सीएमडी नवांशु दाहरण ने बताया कि जिला कलेक्टर की प्रेरणा व आग्रह पर कंपनी द्वारा 8 गीजर जिला प्रशासन को सौंप गए हैं एवं आगे भी जरूरत अनुसार कंपनी द्वारा सीएसआर गतिविधियों के तहत सहयोग कार्य किया जाएगा। यह गीजर राजकीय अंबेडकर बालक छात्रावास ब्यावर, राजकीय अंबेडकर बालक छात्रावास जैतारण, राजकीय अंबेडकर बालक छात्रावास रायपुर, राजकीय अंबेडकर बालक छात्रावास बदनोर, राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास ब्यावर, राजकीय आदर्श देवनारायण बालक छात्रावास जैतारण, राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास निमाज, राजकीय सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास रायपुर में लगाए जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के परीवींक्षा अधिकारी विशाल सोलंकी, इंटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष पदम सिंह चौधरी व जनरल मैनेजर संजय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



# दस हजार का इनामी बदमाश दबोचा, देशी कट्टा व जिंदा कारतूस मिला



अब्दुल माहिर

**गंगापुरसिटी ( बढ़ता राजस्थान )।** गंगापुरसिटी कोतवाली थाना पुलिस ने दस हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास पुलिस को एक देशी कट्टा बारह बोर व जिंदा कारतूस भी मिला है। गिरफ्तार आरोपी राहुल (21) पुत्र उम्मेद मीना निवासी गाजीपुर थाना महुआ जिला दौसा हाल निवासी सैनिक नगर गंगापुरसिटी है। थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी पर गंगापुरसिटी में आर्म्स एक्ट और लूट तथा पीलोदा थाने में फायरिंग करने व हत्या का प्रयास के आरोप में प्राथमिकी दर्ज है। उक्त आरोपी पर पुलिस अधीक्षक गंगापुरसिटी ने दस हजार रुपए का इनाम घोशित किया था। आरोपी की तलाश में कोतलवाली थाने के एएसआई नौशाद खान के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। गत दिवस आरोपी के गंगापुरसिटी में होने की जानकारी मिली थी। इस पर एएसआई नौशाद खान मय जाप्ते के आरोपी की तलाश में निकले तथा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। जहां आरोपी एक मकान में मिल गया। आरोपी यहां किराए से रह रहा था। आरोपी के पास पुलिस को एक देशी कट्टा बारह बोर व जिंदा कारतूस भी मिला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिए। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रथमिकी दर्ज की है।

## अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

अब्दुल माहिर

**गंगापुरसिटी ( बढ़ता राजस्थान )।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर की ओर से चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बाल घाट थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम व मारपीट के आरोप में वांछित दो अलग-अलग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बाल घाट थानाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि खुशीराम (23) पुत्र शिचरण गुर्जर निवासी सैनपुर थाना बालघाट को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ अवैध तरी के से शराब रखने के आरोप में 14 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इसी तरह गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र (46)पुत्र बहादुर सिंह राजपूत निवासी भंडारी बैरुनि थान बालघाट 12 अक्टूबर को मारपीट के आरोप में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। उक्त दोनो मामलों में दोनो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )** । रावणा राजपूत समाज विकास समिति की बैठक अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मणसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हुए निर्णयो के बारे में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी महावीर सिंह कांटोली ने बताया कि बैठक में मौजुद समाज बंधुओं की राय के अनुसार समिति की ओर से 5 जनवरी को मालपुरा में विधानसभा क्षेत्र का द्धितिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी तथा अन्य सम्मानीय अतिथियो के रूप में प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह गेदिया पूर्व चेयरमेन कृषि उपज मण्डी समिति को आमन्त्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में मालपुरा टोडारायसिंह क्षैत्र की सभी सामाजिक प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में सम्मान के लिए प्रतिभाओं को अपने दस्तावेज 20 दिसम्बर से पहले समिति को उपलब्ध करवाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मणसिंह राठौड़ ने सभी समाजबंधुओं से समारोह को एतिहासिक बनाने के लिए सहयोग का आव्हान किया गया। बैठक में भारी संख्या में समाजबंधु मोजुद रहे।

## कार व दो बाइकें आपस में टकराई, तीन घायल

### कोटा- लालसोट मेगा हाइवे पर मैनपुरा का मामला

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर मैनपुरा गांव के पास रविवार शाम एक कार सहित दो बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक में आग लग गई। जबकि कार व दूसरी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक पुलिसकर्मी शामिल है। घायलों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे सूरवाल थानाधिकारी ने बताया कि मैनपुरा गांव के पास एक साथ तीन वाहनों में टक्कर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले कार व एक बाइक में टक्कर हुई। इस दौरान सवाईमाधोपुर से अपने गांव करेल जा रहे हेड कांस्टेबल कजोड़ मीना की बाइक भी इन से टकरा गई। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया। हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़ ने सभी घायलों को सवाईमाधोपुर जिला अस्पताल भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिसकर्मी कजोड़ मीना को जयपुर रैफर किया है। जबकि दौबड़ा निवासी काबिल खान व पछीपला निवासी सलमान का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस कार चालक का पता कर रही है।

# नाचते - गाते निकली महिला श्रद्धालु ,जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

# जन्म कल्याण महोत्सव पर 21 हाथियों के साथ निकाली श्रीजी की शोभायात्रा

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** चौथकाबरवाड़ा कस्बे में नवनिर्मित शांतिनाथ जिनालय में श्री शांतिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत तीसरे दिन रविवार को भगवान का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर इंद्रनंदी एवं निपुण नंदी महाराज के पावन सानिध्य में आदिनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं।

सौधर्म इंद्र अपनी शची इंद्राणी के साथ जब महाराजा नाभिराय दरबार में प्रवेश करते हैं, तो यह दृश्य प्रभु के जन्म का एक वास्तविक एवं सजीव चित्रण प्रस्तुत कर रहा था। तीर्थंकर बालक के जन्म महोत्सव पर खुशियां मनाई जाने लगीं। सभी ओर हर्ष, उमंग एवं बधाइओं का वातावरण बन गया। सौधर्म इंद्र, महाराजा नाभिराय एवं शची इंद्राणी के मध्य संवाद ह्रदय को छूने वाले थे। इस मौके पर इंद्रनंदी महाराज ने कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में साक्षी बनने वाला प्रत्येक जीव बहुत ही सौभाग्यशाली है। पंच कल्याणक के मांगलिक अवसर पर सभी को अपनी आत्मा का उत्थान कल्याण करने में कार्यकारी होते हैं। ऐसे शुभ एवं मांगलिक अवसरों पर असंख्य जीव अपनी विशुद्धि बनाकर, सम्यक दर्शन प्राप्त कर लेते हैं और अपना कल्याण कर लेते हैं। मंगल देशना के बाद प्रभु के जन्म कल्याणक की शोभायात्रा निकाली गई।

### पहली बार हो रहा पंचकल्याण महोत्सव

चौथ का बरवाड़ा में पहली बार यह पंचकल्याण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस समारोह में रविवार को भगवान का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया। इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल चौथ माता मंदिर ट्रस्ट धर्मशाला में भक्तों की भीड़ लग गई। यहां सुबह 8 बजे ही पूरा पंडाल धर्म प्रेमियों से ठसाठस भर गया। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसे देखने के लिए दूरदराज से भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में 21 हाथी पर भक्त विराजमान हुए। उनके हाथों में अहिंसा परमो धर्म का झंडा था। भगवान के गगन चुंबी जयकारे पूरे माहौल को भक्ति एवं उत्साह जनक बना रहे थे। इस दौरान हाथी पर सौधर्म इंद्र, भगवान के माता-पिता, धन कुबेर आदि के रूप में भक्तिश विराजित हुए। इसके आगे आगे भगवान की बग्गी भक्त हाथों से खींचते हुए नजर आए। इसके साथ-साथ दिगंबर जैन महिला मंडल ने भी पूरे माहौल को उत्साह जनक बना दिया। एक ड्रेस कोड के साथ सभी अनुशासित होकर भजनों पर झूमती नजर आई। इसके साथ ही युवाओं की टोली भी एक ही ड्रेस कोड के साथ भगवान के गीतों पर बिना कोई परवाह किए भक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

### विभिन्न समाजों के लोगों ने किया स्वागत

शोभायात्रा कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान जगह-जगह ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर सभी समाजों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा वापस चौथ माता मंदिर ट्रस्ट धर्मशाला पहुंची। जहां पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।





# देवली में बढ़ती चोरी के मामलो के बीच पुलिस ने घी के पीपे चुराने के आरोपी को किया गिरफ्तार

### गत शुक्रवार रात नेहरू मार्केट में हुई थी चोरी की उक्त वारदात

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों देवली शहर में चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच पुलिस को चोरी के एक मामले का खुलासा करने की सफलता तो मिली है। सोमवार को देवली पुलिस ने देसी घी के भरे पीपे और कार्टन चुराने के मामले एक चोर को गिरफ्तार कर मामूली सी राहत पाई है। लेकिन अभी भी चोरियों के अन्य मामलो का खुलासा करना पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में शहर के नेहरू मार्केट स्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर घी के पीपे और कार्टून चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया था । उक्त चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में बताया जा रहा है कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से चुराए गए देसी घी के पीपे भी बरामद कर लिए हैं । यहां थाना प्रभारी राजकुमार नायक के अनुसार पुलिस ने देवली के जनता कॉलोनी निवासी मुकेश उर्फ कालू पुत्र सोहनलाल तेली को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से घी के पीपे भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने जानकारी बताया कि उक्त आरोपी मुकेश उर्फ कालू तेली रोडवेज बस स्टैंड के बाहर आलू प्याज का ठेला लगाया करता है। पुलिस के अनुसार आरोपी मुकेश स्मेक पीने



का आदी भी है । इस मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी । पुलिस ने सूचना एकत्रित कर संदिग्ध मुकेश तेली से पूछताछ की तो उसने उक्त चोरी की वारदात किया जाना कबूल लिया है । ऐसे में पुलिस उक्त आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों के मामलों में भी पूछताछ कर रही है। आरोपी मुकेश को गिरफ्तार करने में सहायक उप निरीक्षक दिलीप सिंह, कांस्टेबल शांतिलाल मीणा सीताराम, हुकुमनाथ ने सफलता हासिल की है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त चोरी के मामले में लिप्तआरोपी की तलाश और छानबीन करने में कांस्टेबल शांतिलाल मीणा की सक्रियताऔर भूमिका अहम रही है।

## अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण करने के संबंध में उपखंड अधिकारी निवाई को ज्ञापन दिया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** सेन समाज पंच परगना शहरी एवं ग्रामीण के अध्यक्ष राधेश्याम डांगर थल द्वारा बताया गया कि सेन समाज छात्रावास कमलेश्वर मंदिर के परिसर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण करने के संबंध में उपखंड अधिकारी निवाई को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाकर अतिक्रमण मुक्त करने का निवेदन किया साथ ही विधायक कोटे से लगा सार्वजनिक हेडपंप को भी अतिक्रमण स्थल में ले लिया जिसको भी अतिक्रमी से मुक्त कराने हेतु निवेदन किया।

## महिलाओ को जागरूक व संवेदनशील रहना जरूरी: गुप्ता

### पाथेय कण पत्रिका महिला विशेषांक का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, प्राचार्य डॉक्टर रेनू अग्रवाल, उपप्राचार्य दीपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कामकाजी महिलाएं कितनी सफल विषय पर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम मे बीए तृतीय वर्ष से अर्पणा शर्मा, कल्पना लालावत, प्रियंका मीणा, पायल मीणा, कमल प्रजापत, मनीषा शर्मा ने विचार प्रकट किया,बीए तृतीय सेमेस्टर से किरण मीणा, रोशनी मीना, पूजा रेगर, खुशी सैनी, खुशी सोनी,योगिता तिवारी प्रथम सेमेस्टर से सरोज मीणा, कर्मा मीणा, पायल सोनी, दीक्षा शर्मा अपने विचार रखें ।

प्राचार्य डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने बताया कि आज के समय में कामकाजी महिलायें अपने कार्यक्षेत्र में भी नए शिखर को चूम रही है साथ ही वह अपने परिवार को भी साथ में लेकर चल रही है दोनों ही स्थान पर उनकी भूमिका श्रेष्ठता के साथ प्रदर्शित हो रही है । इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता व अन्य शिक्षिकाओं व छात्राओं द्वारा संघ की पाथेय कण पत्रिका के महिला सुरक्षा विशेषांक का विमोचन भी किया । गुप्ता ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि पाथेय कण संस्थान ने जो महिला सुरक्षा को लेकर विशेषांक प्रकाशित किया है उसे आप सभी छात्राओ द्वारा पढ़ा जाना चाहिएद्ध इसमें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न लेखकों के द्वारा अच्छे-अच्छे लेख प्रस्तुत किए गए हैं द्य अत: महाविद्यालय की सभी छात्राएं इस पत्रिका का अवश्य अध्ययन करें व अन्य लोगों तक भी इसके विचार साझा करें । इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक आचार्य रोहन पारीक, अनीस खान, प्रिया चौधरी,अश्विनी लक्षकार, गोविंद गौतम,कोमल स्वामी आदि उपस्थित रहे ।

# भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य हमारे जीवन के आधार बने

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में युवाओं को भारतीय संस्कृति व जीवन मूल्यों को जीवन का अंग बनाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब द्वारा प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया । क्लब प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज,हरिद्वार से स्नातक कर रही छात्राओं याशिका जोशी, निवेदिता पठानिया व गरिमा ने विद्यार्थियों को योग- प्राणायाम का महत्व बताकर उसका अभ्यास करवाया । छात्राओं ने वार्ता के माध्यम से विद्यार्थियों को समृद्ध भारतीय संस्कृति को अपनाने व पाश्चात्य संस्कृति व जीवन शैली को त्यागने का आह्वान किया ढपली की धुन पर प्रभावी एवं मधुर स्वर में गीत प्रस्तुत कर सभी उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

संस्था प्रभारी रमेश कुमार जाट ने छात्राओं के इस प्रस्तुतिकरण को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक व अनुकरणीय बताया ।

इस अवसर पर गायत्री परिजन हीरालाल शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भगवान सहाय शर्मा ने भारतीय संस्कृति के अनुसार वैदिक मंत्रोचार के साथ जन्मदिन मनाने की विधि बताई द्य कार्यक्रम में व्याख्याता प्रियंका गुर्जर, राजन्ति मीणा,वरिष्ठ अध्यापक श्रवण लाल जाट,



गजानंद शर्मा,सुनीता वर्मा, सोहन लाल वर्मा, हेमराज वर्मा सहित अध्यापक मुकेश विजय,सुमन जैन, प्रहलाद चौधरी,रवि वर्मा व शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

# सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर होंगे विविध कार्यक्रम, तैयारियां पूरी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** भजन लाल सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने बताया कि 12 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, पंच गौरव, फल-फूल प्रदर्शनी व जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। इस दौरान प्रेस वार्ता का



भी आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंच गौरव स्टॉल में फल-अमरूद, प्रजाति-नीम, खेल-फुटबॉल, पर्यटन स्थल-रणथम्भौर टाईगर रिजर्व एवं उत्पाद-मार्बल मूर्तियां का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने 13 दिसंबर को किसान सम्मेलन, 14 दिसंबर को महिला सम्मेलन, 15 दिसंबर को अन्त्योदय सेवा शिविर, 17 दिसंबर को राज्य स्तरीय समारोह के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद विभाग का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** आयुर्वेद विभाग की ओर से जिले में तृतीय चरण में चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष के परिक्षेत्र में कार्यरत आशा, एएनएम, आयुर्वेद नर्स, कंपाउंडर का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम फूल उत्कृष्टता केंद्र, सवाई माधोपुर में प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाशचंद्र सोनी ने किया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग की आशा, एएनएम आयुर्वेद विभाग से समन्वय कर सर्वे और स्क्रीनिंग का कार्य करें। साथ ही गैर संक्रामक रोग बीपी, डायबिटीज, कैंसर, ह्रदरोग की पहचान करके उन्हें आहार विहार की जानकारी प्रदान करें उपनिदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रियाशील हो जाएंगे। साथ ही वहाँ पर लैब, योग, प्रकृति परीक्षण, एनसीडी रोगों, आहार विहार, रैफरल सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे।

## ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन होगा आज

**निवाई( का.स. )।** ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव आयोजन सचिव एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सैमुअल ने बताया कि युवा बोर्ड राजस्थान के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन मंगलवार को झिलाय रोड स्थित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम सहाय वर्मा होंगे ।प्रतियोगिता स्थल पर प्रात: 9 से 10 बजे तक सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जाएगा । रजिस्ट्रेशन के समय प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, कक्षा 10 की अंक तालिका ,बैंक पासबुक की फोटो प्रति एवं स्वयं की नवीनतम फोटो अपने साथ लेकर आवे ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जयपुर के जेईसीसी में आयोजित हो रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम से टोंक जिला भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ा। जिला परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने इस कार्यक्रम को लाइव देखा।

कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत उद्योगपतियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से संबंधित वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। यह समिट 9 दिसंबर से लेकर 11 दिसंबर तक होगी, जिसमें विभिन्न सत्र आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, एडीएम रामरतन सौकरिया, कृषि विभाग के उपनिदेशक, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# हाउसफुल के बाद बागी 4 में नजर आएंगे संजय दत्त

## फिल्म का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर किया शेयर, विलेन का किरदार निभाएंगे एक्टर




**टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म बागी 4 में अब संजय दत्त भी नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म में एक्टर की एंट्री को ऑफिशियल कर दिया है। संजय दत्त ने फिल्म का नया पोस्टर अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें वह काफी खूंखार रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त की एंट्री के बाद अब बागी 4 का बज बन रहा है। जो अब तक नहीं था।**

### विलेन के किरदार में दिखेंगे संजय दत्त

साजिद नाडियाडवाला ने हाउसफुल 5 के बाद अब संजय दत्त को बागी 4 में भी कास्ट किया है। फिल्म में एक्टर विलेन के किरदार में नजर आएंगे। उनका एक जबरदस्त फर्स्ट-लुक पोस्टर भी शेयर कर दिया गया है। फिल्म का नया पोस्टर साजिद नाडियाडवाला, टाइगर श्रॉफ और खुद संजय दत्त ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- एवरी आशिक इज ए विलेन

### 18 नवंबर को आया था पहला पोस्टर

टाइगर श्रॉफ की बागी 4 इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म का पहला पोस्टर मेकर्स ने 18 नवंबर को जारी किया था। जिसमें टाइगर श्रॉफ का खूंखार रूप में दिखाई दे रहे थे। वहीं, अब दूसरे पोस्टर में संजय दत्त भी काफी खूंखार रूप में नजर आ रहे हैं।

### फिल्म अभी से है ब्लॉकबस्टर- यूजर

पोस्ट पर यूजर्स ने कमेंट किए है। एक यूजर ने लिखा- क्या होने वाला है, मेरा तो दिमाग ही हिल गया है इस बार। दूसरे ने लिखा- वाह, दमदार। एक यूजर ने तो फिल्म को अभी से ही ब्लॉकबस्टर बता दिया है। तो वहीं एक ने संजय दत्त को खलनायक की भूमिका में सॉलिड कैरेक्टर बताया है।

### साल 2016 में आया था पहला पार्ट

बता दें, बागी का पहला पार्ट साल 2016 में रिलीज हुआ था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आए थे। इस फिल्म ने उस समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। जिसके बाद फिल्म का दूसरा पार्ट 2018 में रिलीज किया गया था। फिल्म का तीसरा पार्ट साल 2020 में रिलीज हुआ था। अब पांच साल बाद साल 2025 में बागी 4 सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### 2025 में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म को ए हर्षा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ बतौर लीड एक्टर एक्शन करते नजर आएंगे। साथ ही फिल्म में जिमी शेरगिल भी मुख्य भूमिका में दिख सकते हैं। बागी 4 अगले साल 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पुष्पा 2 ने हिंदी वर्जन में रविवार को बनाया रिकॉर्ड

## एक ही दिन में कमाए 86 करोड़; दुनियाभर में 800 करोड़ का आंकड़ा भी पार

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 कमाई के मामले में सभी रिकॉर्ड्स तोड़ रही है। हिंदी वर्जन में फिल्म ने सिर्फ रविवार को 86 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 529.45 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के चार दिनों में दुनियाभर में 800 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 ने पहले रविवार को 141.5 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही देशभर में चार दिनों में फिल्म की कुल कमाई 529.45 करोड़ रुपये हो गई है।

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श के मुताबिक, पुष्पा 2 ने रविवार को सिर्फ हिंदी वर्जन में 86 करोड़ रुपये कमाए।

फिल्म पुष्पा 2 के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें, तो इसने दुनियाभर में 294 करोड़ की कमाई की थी। इसमें इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कलेक्शन 175.1 करोड़ रुपए रहा। पुष्पा-2 ने हिंदी वर्जन में 72 करोड़ रुपए की कमाई की।

इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी पुष्पा-2 ने एसएस राजामौली की फिल्म ऋऋऋ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। ऋऋऋ ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ की ओपनिंग की थी। 5 भाषाओं में रिलीज हुई है फिल्म पुष्पा-2 5 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज हुई है।

# करीना ने कहा-सबसे बड़े स्टार हैं आमिर

## साथ में दोनों ने कई फिल्मों में काम किया है, एक्ट्रेस को पसंद है फिल्म तलाश

**करीना कपूर ने हाल ही में आमिर खान की तारीफ की। एक्ट्रेस ने कहा कि आमिर खान सबसे बड़े स्टार हैं, उनके जैसा पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोई नहीं है। वो अकेले ऐसे एक्टर और फिल्म मेकर हैं जिन्होंने हिंदी सिनेमा को विश्व स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिर्फ आमिर खान ही नहीं, बल्कि डायरेक्टर इम्तियाज अली और अपने पति सैफ अली खान के लेकर भी बात की।**

मेरे लिए सबसे बड़े स्टार हैं आमिर- करीना करीना कपूर ने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित चौथे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान आमिर की तारीफ करते हुए कहा- 'मैं आज भी आमिर से बहुत कुछ सीखती हूं, मेरे लिए वो सबसे बड़े फिल्म स्टार हैं, इंडस्ट्री में उनके जैसा दूसरा कोई नहीं है। उन्होंने हिंदी सिनेमा को एक नई पहचान दी है।'

आमिर खान के साथ कई फिल्मों में किया काम करीना कपूर ने आमिर की तारीफ करते हुए आगे कहा- 'अब तक जितने भी एक्टर्स के साथ काम किया है उनमें आमिर खान बेस्ट को-एक्टर हैं।' करीना कपूर ने आमिर के साथ थ्री इडियट, लाल सिंह चड्ढा और तलाश जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। एक्ट्रेस ने कहा- मुझे उनकी तलाश, गजनी और दिल चाहता है जैसी फिल्में बहुत पसंद हैं।

25 से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं करीना इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने 25 साल के फिल्मी करियर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा- मैंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में जे.पी दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी से की थी। कभी लगा नहीं था कि इंडस्ट्री में मैं 25 साल तक काम करूंगी। जब मैंने जे पी दत्ता की रिफ्यूजी से अपने करियर की शुरुआत की थी तो मैं महज बीस साल की थी। तब कहां पता था कि धीरे-धीरे इन पच्चीस सालों में इतना कुछ कर लूंगी। हाल ही में करीना रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आई हैं, फिल्म में एक्ट्रेस ने माता सीता की भूमिका निभाई है। करीना दूसरी बार रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई हैं।

काफी बदल गया है हिंदी सिनेमा करीना ने हिंदी सिनेमा में आए बदलाव को लेकर बात करते हुए कहा- आज का सिनेमा बहुत बदल गया है और एक कलाकार को एक साथ कई तरह की भूमिका निभानी पड़ती है। कभी एक्शन, तो कभी रोमांटिक वाले किरदार में दिखना पड़ता है। पहले के समय में ऐसा नहीं था, पहले एक कलाकार किसी एक किरदार से बंधकर रह जाता था। आज के समय में रोहित शेट्टी की एक्शन फिल्म सिंघम अगेन में काम करना पड़ता है, तो कभी हंसल मेहता के साथ बकिंघम मर्डर में और अनुराग कश्यप के साथ उड़ता पंजाब में भी अलग-अलग किरदार निभाने पड़ते हैं।

जब वी मेट की गीत ढिल्लों सबसे ज्यादा पसंद है- करीना डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म को लेकर भी करीना ने कहा- इम्तियाज अली की फिल्म जब वी मेट में गीत ढिल्लों का कैरेक्टर तो कल्ट बन गया। मेरा कोई इंटरव्यू उसके बिना पूरा नहीं होता। यह फिल्म मेरे लिए काफी अच्छी साबित हुई। जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो हर लड़की गीत ढिल्लों के किरदार में खुद को देखती थी। यदि आप पूछें कि कौन सा किरदार मुझे सबसे ज्यादा पसंद है तो मैं कहूंगी कि जब वी मेट की गीत ढिल्लों। वहीं, उन्होंने इम्तियाज अली की हाल ही में आई अमर सिंह चमकीला की भी काफी तारीफ की। काफी सपोर्टिव हैं सैफ करीना ने अपने पति सैफ अली खान के बारे में कहा कि सैफ उन्हें काफी सपोर्ट करते हैं। समय-समय पर एडवाइस भी देते हैं। एक्ट्रेस ने कहा- मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे सैफ अली खान मिले। मुझे बहुत अच्छा लगेगा यदि सैफ अली खान के साथ किसी फिल्म में काम करने का मौका मिले।



# तनाज ईरानी ने किया अभिषेक-ऐश्वर्या से जुड़ा खुलासा

## कहा- अभिषेक से अलग हैं ऐश्वर्या की पर्सनैलिटी, एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ की

बॉलीवुड एक्ट्रेस तनाज ईरानी ने हाल ही में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय से जुड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दोनों की पर्सनैलिटी के बारे में बात की। तनाज साल 2003 में फिल्म कुछ न कहो में अभिषेक और ऐश्वर्या के साथ नजर आई थीं। कपल इन दिनों अपने तलाक की खबरों को लेकर चर्चा में है। काफी समय से दोनों इवेंट, पार्टी, सोशल गैदरिंग में अलग-अलग नजर आ रहे थे। हाल ही में काफी दिनों के बाद दोनों को एक हाई-प्रोफाइल पार्टी में साथ देखा गया था।

### सीरियस पर्सनैलिटी वाली हैं ऐश्वर्या- तनाज

तनाज ईरानी ने हिंदी रश से बातचीत में बताया कि अभिषेक और ऐश्वर्या दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। अभिषेक काफी शरारती और मजाकिया अंदाज वाले हैं, तो वहीं ऐश्वर्या बहुत सीरियस पर्सनैलिटी वाली हैं। अभिषेक अक्सर फिल्म कुछ न कहो के सेट पर शूटिंग के दौरान सभी के साथ प्रैंक किया करते थे।

### मजाकिया अंदाज के हैं अभिषेक- तनाज

तनाज ने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने और कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट ने अभिषेक बच्चन के साथ प्रैंक किया था। तनाज ने उस वक्त को याद करते हुए कहा- 'एक दिन अभिषेक सेट पर सभी के साथ प्रैंक कर रहे थे, उस वक्त तक मैं सेट पर नहीं पहुंची थी। जब मैं सेट पर पहुंची तो वैभवी ने मेरे साथ मिलकर अभिषेक पर प्रैंक करने का प्लान बनाया। हम दोनों ने अभिषेक के साथ प्रैंक किया और उस दिन मेरा शूटिंग का पहला दिन था और मुझे काफी मजा आया था।'

### अभिषेक से अलग हैं ऐश्वर्या की पर्सनैलिटी

इस दौरान तनाज ने ऐश्वर्या की पर्सनैलिटी पर बात करते हुए कहा- 'ऐश्वर्या, अभिषेक से बिल्कुल अलग हैं, वो हमेशा काफी सीरियस रहती हैं।' तनाज ने ऐश्वर्या के साथ दो फिल्म हमारा दिल आपके पास है और कुछ न कहो में काम किया है।

### गुड़िया की तरह दिखती हैं ऐश्वर्या- तनाज

तनाज ईरानी ने ऐश्वर्या की खूबसूरती पर बात करते हुए कहा- वो इतनी खूबसूरत हैं कि हर बार जब मैं उनके साथ समय बिताने के बाद खुद को शीशे में देखती हूं तो सोच में पड़ जाती हूं, वो इतनी खूबसूरत हैं कि आप उनकी खूबसूरती में खो जाते हैं, वो बिल्कुल एक गुड़िया की तरह दिखती हैं।

### लंबे समय के बाद साथ दिखे थे ऐश्वर्या-अभिषेक

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की कुछ दिनों पहले की पार्टी की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसमें दोनों को एक हाई-प्रोफाइल पार्टी में साथ देखा गया था। फोटोज में ऐश्वर्या सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं



और अभिषेक और उनकी मां वृंदा पोज दे रहे हैं। पार्टी में फिल्म प्रोड्यूसर अनु रंजन, आयशा जुल्का और ऐश्वर्या की मां वृंदा राय भी मौजूद थीं।

### कैसे तलाक की खबरों ने पकड़ा तूल?

जुलाई में अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ अनंत-राधिका की शादी में शामिल हुए थे। रेड कार्पेट पर अभिषेक का पूरा परिवार मौजूद था, हालांकि उस समय ऐश्वर्या और बेटी आराध्या उनके साथ नहीं थीं। अभिषेक के पहुंचने के कुछ समय बाद ऐश्वर्या रेड कार्पेट पर बेटी के साथ पहुंची और पैपराजी को पोज दिए। दोनों ने शादी में अलग-अलग एंट्री ली और पूरी शादी में दोनों साथ नहीं दिखे। इसके बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी के साथ वैकेशन पर भी गई थीं, तब भी उनके साथ अभिषेक मौजूद नहीं थे। इसके बाद से ही दोनों के तलाक की अफवाहें सामने आ रही हैं।

# इंडियन फिल्मों की ऑस्कर एंट्री पर एसआरके और आमिर आमने-सामने

## आमिर बोले- शाहरुख ने मूवीज के फॉर्मेट को बदलने को कहा, मैं इस पर सहमत नहीं



आमिर खान ने हाल ही में ऑस्कर में इंडियन फिल्मों के स्ट्रगल को लेकर बात की। इससे पहले शाहरुख खान भी इस मुद्दे पर बात कर चुके हैं। शाहरुख ने काफी समय पहले कहा था कि अगर हमें ऑस्कर जीतना है तो हमें अपनी फिल्मों का फॉर्मेट बदलना पड़ेगा। हालांकि, आमिर खान, शाहरुख के ओपिनियन से सहमत नहीं हैं।

शाहरुख के ओपिनियन से सहमत नहीं हैं आमिर आमिर ने कहा कि वो शाहरुख की बात से सहमत नहीं हैं। एशियन नेटवर्क के साथ बातचीत में आमिर ने कहा, नहीं, मैं शाहरुख की बात से सहमत नहीं हूं, मैं नहीं मानता, क्योंकि लगान फिल्म 3 घंटे 42 मिनट की थी और उसमें 6 गाने थे। इतनी लंबी फिल्म होने के बावजूद उसे नॉमिनेशन मिला था। नॉमिनेट होने के लिए मेम्बर्स को आपकी फिल्म पसंद आनी चाहिए। लगान फिल्म ने ये साबित किया था कि एक फिल्म जिसमें इतने गाने हैं, जो बहुत लंबी भी है, उसे भी ऑस्कर में नॉमिनेशन मिल सकता है। फिल्म से एकेडमी मेंबर्स को कोई समस्या नहीं है। मेरे हिसाब से, ये इस पर डिपेंड करता है कि आपका काम कितना अच्छा है और आप लोगों का दिल कितना छू पाते हैं।

भारतीय फिल्मों के लिए कॉम्पिटिशन टफ होता है- आमिर आमिर ने आगे कहा कि बेस्ट इंटरनेशनल फीचर की कैटेगरी ऑस्कर्स की सबसे मुश्किल कैटेगरी है; क्योंकि जब आप बेस्ट फिल्म के लिए कॉम्पिटिशन में उतरते हैं, तो उसमें लिमिटेड फिल्में ही होती हैं। इसलिए कॉम्पिटिशन काफी टफ हो जाता है, क्योंकि इस कैटेगरी में हर देश की बेस्ट फिल्म होती है।

'सेलेक्ट होने के लिए 1000 फिल्मों को पछाड़ना पड़ता है' उन्होंने आगे कहा, इंडिया में हम हर साल 1000 फिल्में बनाते हैं, इंडिया में सिलेक्ट होने के लिए आपको पहले 1000 फिल्मों को पछाड़ना है। फिर आप वहां पहुंचते हैं जहां 80 और फिल्में हैं। इंडिया को हर साल नॉमिनेशन इसलिए नहीं मिलता है, क्योंकि वहां ईरान, जर्मनी, फ्रांस और दुनिया भर की फिल्में आती हैं।

शाहरुख ने कहा था हमें बदलना पड़ेगा एक पुरानी बातचीत में शाहरुख ने कहा था, लगान आर्ट फिल्म और कमर्शियल फिल्म का कॉम्बिनेशन थी।

# रणबीर कपूर बोले- मैं फिल्म रामायण कर रहा हूं

## पहले पार्ट की शूटिंग खत्म हुई, दूसरा पार्ट जल्द शुरू करेंगे; दिवाली 2026-2027 में रिलीज होगी

एक्टर रणबीर कपूर ने कंफर्म कर दिया है कि वे नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में काम कर रहे हैं। उन्होंने पहले पार्ट की शूटिंग खत्म कर ली है और दूसरे पार्ट की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे।

रेड सी फिल्म फेस्टिवल में रणबीर ने कहा- मैं अभी फिल्म रामायण पर काम कर रहा हूं, जो कि सबसे महान कहानी है। मेरे बचपन के दोस्त नमित मल्होत्रा, जो इतनी लगन से इस बुक को बना रहे हैं। उन्हें सभी कलाकार, क्रू बेस्ट मिले हैं। इसका डायरेक्शन नितेश तिवारी ने किया है।

भगवान राम के किरदार में दिखेंगे रणबीर रणबीर ने आगे कहा- बस उस कहानी का हिस्सा बनने के लिए, मैं राम जी की भूमिका निभाने के लिए बहुत विनम्र हूं। यह मेरे लिए एक सपना है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सब कुछ है। यह सिखाता है कि भारतीय संस्कृति क्या है।

कुछ समय पहले प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी। साथ ही उन्होंने लिखा था- मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। जिसने 5000 वर्षों से अधिक समय तक अरबों दिलों पर राज किया है। मैं इसे खूबसूरती से आकार देते हुए रोमांचित हूं। हमारी टीम का केवल एक ही उद्देश्य है: हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति- हमारे रामायण



का सबसे प्रामाणिक, पवित्र रूप दुनियाभर के लोगों के सामने पेश करना।

हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने महानतम महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं। यश ने खुद बताया था कि वो फिल्म में रावण का रोल निभा रहे हैं कुछ समय पहले यश ने द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू इस बात की पुष्टि की थी कि वो फिल्म रामायण में रावण का रोल निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा था, 'एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए रावण का किरदार निभाना बहुत ही रोमांचक है। मुझे उनके किरदार की बारीकियां बहुत पसंद हैं।' रणबीर और साई की कास्टिंग पर भी लगाई थी मुहर रामायण पर बात करते हुए यश ने आगे कहा था, 'इस तरह के बड़े बजट की फिल्म बनाने के लिए आपको उस तरह के एक्टर्स को एक साथ लाने की जरूरत पड़ती है।

फिल्म के मेकर्स के साथ मैं शुरुआत से ही जुड़ा हुआ था। मैं जब फिल्मों से ब्रेक पर था, उस दौर में हम इसी पर डिस्कस कर रहे थे। इस फिल्म के लिए पहले रणबीर, फिर मेरी और फिर साई पल्लवी की कास्टिंग हुई।'

# कोच्चि थिएटर में पुष्पा- 2 का सिर्फ क्लाइमैक्स दिखाया

## कुछ लोगों ने रिफंड मांगा तो कुछ ने की फर्स्ट हाफ दिखाने की मांग

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा- 2 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने कमाई में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसी बीच कोच्चि थिएटर की एक खबर सामने आई, जिसमें लोगों ने मैनेजिंग टीम की लापरवाही के चलते फिल्म से पहले क्लाइमैक्स देख लिया।

### फर्स्ट हाफ दिखाए बिना सेकेंड हाफ दिखाया

6 दिसंबर को कोच्चि के सिनेपोलिस सेंटर स्क्वायर मॉल थिएटर में लोग 6:30 बजे का शो देखने पहुंचे। लेकिन 3 घंटे 15 मिनट की फिल्म आधे घंटे में खत्म हो गई वो भी क्लाइमैक्स के साथ। बाद में लोगों को पता चला कि उन्हें फिल्म के तमिल वर्जन का सिर्फ सेकेंड हाफ दिखाया गया था बिना फर्स्ट हाफ दिखाए। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, कुछ दर्शकों ने रिफंड की मांग की है, जबकि कुछ ने पहले हाफ को फिर से दिखाने की मांग की है।

### सिनेपोलिस मैनेजिंग टीम से हुई लापरवाही

इस पर सिनेपोलिस मैनेजिंग टीम ने अपनी गलती को मानते हुए रात 9 बजे फिल्म का पहला भाग ऑडियंस को दिखाया। पहला भाग उन 10 लोगों को दिखाया गया, जो वहां रुके हुए थे। साथ ही मैनेजिंग टीम ने ऑडियंस को



पैसे वापस करने का वादा भी किया है।

### 4 दिन में दुनियाभर में कमाए 800 करोड़

पुष्पा- 2 ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, सेकनिल्क ने मुताबिक फिल्म ने 4 दिनों में दुनियाभर में 800 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। इस फिल्म ने कमाई के मामले में गदर 2 के 686 करोड़, बाहुबली 650 करोड़, सालार 617.75 करोड़ और पीके के 792 करोड़ के वर्ल्ड वाइड लाइफ टाइम कलेक्शन को पछाड़ दिया है।

### 5 भाषाओं में रिलीज हुई है फिल्म

सुकुमार के डायरेक्शन में बनी पुष्पा-2 5 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज हुई है। फिल्म में एक बार फिर अल्लू अर्जुन, पुष्पाराज के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं रश्मिका मंदाना भी श्रीवल्ली के अवतार में दिख रही हैं। फिल्म की कहानी जबरदस्त है और क्लाइमैक्स उससे भी ज्यादा शानदार है। इसी वजह से ऑडियंस फिल्म को काफी पसंद कर रही है।

### पुष्पा के पार्ट-3 का नाम होगा पुष्पा 3: द रैम्पेज

साल 2021 की हिट फिल्म पुष्पा का सीक्वल है पुष्पा-2, इस फिल्म में अल्लू अर्जुन एक बार फिर पुष्पा राज का किरदार में नजर आएं हैं। फिल्म पुष्पा 2 के आखिर में इसके तीसरे पार्ट की भी घोषणा की गई है, जिसका पूरा नाम पुष्पा 3: द रैम्पेज रखा गया है।

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट

## जोधपुर-बाड़मेर में सीजन की सबसे सर्द रात रही, माउंट आबू में पारा 5 डिग्री से नीचे आया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और सर्द हवा ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। रेगिस्तानी जिले बाड़मेर और जोधपुर में बीती रात (रविवार) सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। बीकानेर, श्रीगंगानगर एरिया में दिन का तापमान 3 से 4 डिग्री गिरने से यहां अधिकतम तापमान औसत से भी नीचे चला गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने मंगलवार से राजस्थान में सर्दी और तेज होने की संभावना जताई है। शेखावाटी के एरिया में पारा 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने की संभावना है। वहीं, आज चूरू में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट है।

### सर्द हवाओं ने गिराया तापमान

जयपुर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर समेत कई जिलों में रविवार को पूरे दिन सर्द हवा चलीं। इससे इन शहरों में दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान गिर गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये इस सीजन में आबू का सबसे कम तापमान है। आबू में सर्द हवा चलने दिन के तापमान में भी गिरावट हुई। जो 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 24.5, जैसलमेर में 25, बीकानेर में 24.3, श्रीगंगानगर में 23.8 और हनुमानगढ़ में 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कल राजस्थान के सभी शहरों का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा।

### जोधपुर में सिंगल डिजिट में आया पारा

राजस्थान में उत्तर-पूर्वी जिलों के साथ अब पश्चिमी जिलों में सर्दी के तेवर तेज हो गए। जोधपुर में कल न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री और बाड़मेर में 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इन जिलों में सीजन का सबसे कम तापमान रहा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान गिरकर 27.6 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में कल दिनभर सर्द हवा चली।



4 डिग्री तक गिर सकता है पारा-मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- 9-10 दिसंबर से चलने वाली सर्द हवा के कारण राजस्थान के कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। शेखावाटी के जिलों में रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 4-5 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है।

## राहुल नार्वेकर निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष बने

### महायुति सरकार ने विश्वास मत हासिल किया; 4 विपक्षी विधायकों ने आज भी शपथ नहीं ली



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर को 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। 1960 में राज्य के गठन के बाद से नार्वेकर विधानसभा स्पीकर पद पर दोबारा चुने जाने वाले दूसरे शख्स हैं। उनसे पहले बालासाहेब भारदे महाराष्ट्र विधानसभा में लगातार 2 बार अध्यक्ष चुने जाने वाले एकमात्र सदस्य थे। आखिरी दिन बाकी बचे विधायकों में से 4 ने शपथ ली। इनमें जयंत पाटिल और उनकी पार्टी के 3 और विधायक थे। शिवसेना के विलास भूमरे, शिवसेना के वरुण सरदेसाई, मनोज जामसुतकर और एनसीपी के शेखर निकम ने अभी तक शपथ नहीं ली है। हालांकि वे बाद में स्पीकर ऑफिस में शपथ ले सकते हैं। इधर, महाराष्ट्र विधानसभा के तीसरे और आखिरी दिन सीएम देवेंद्र फडणवीस विश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। इस प्रस्ताव को शिवसेना विधायक उदय सामंत ने पेश किया था। इसके अलावा विधानसभा में 14 अध्यादेश भी पेश किए गए। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधन बाकी है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से 21 दिसंबर तक नागपुर में किया जाएगा।

### नार्वेकर के खिलाफ एमवीए ने नहीं उतार प्रत्याशी

बीजेपी की कोलाबा सीट से विधायक राहुल नार्वेकर ने 8 दिसंबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। वे निर्विरोध चुने गए क्योंकि विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था। हालांकि, नाना पटोले समेत कई विपक्षी विधायकों सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी और प्रोटोकॉल के तहत डिप्टी स्पीकर का पद विपक्षी गठबंधन में से किसी एक के सदस्य को देने की मांग रखी थी।

## संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के नए गवर्नर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का नया गवर्नर नियुक्त किया है। वे आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे और मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। दास का 10 दिसंबर 2024 को कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके बाद 11 दिसंबर से मल्होत्रा गवर्नर का पद संभालेंगे। कैबिनेट ने 9 दिसंबर को संजय मल्होत्रा के अपॉइंटमेंट को मंजूरी दी है। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर 2018 को गवर्नर बनाए गए थे। उनके कार्यकाल को बाद में तीन साल और के लिए एक्सटेंड किया गया था। नए गवर्नर ने ऐसे समय कार्यभार संभाला है जब केंद्रीय बैंक मुश्किल स्थिति में है। आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव बढ़ रहा है क्योंकि जुलाई-सितंबर की अवधि में विकास दर सात-तिमाही के निचले स्तर 5.4% पर आ गई है।

## पीएम मोदी ने पानीपत में बीमा सखी स्कीम लॉन्च की एमएसपी पर फसलें खरीद रहे, हरियाणा ने एक हैं तो सेफ हैं का मंत्र अपनाया : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**पानीपत (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बीमा सखी योजना लॉन्च की। जिसमें बीमा सखी बनने वाली 18 से 70 साल तक की महिलाओं को हर महीने 5 से 7 हजार रुपए मिलेंगे। उन्होंने रिमोट से बटन दबाकर करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी यूनिवर्सिटी के मुख्य परिसर का भी शिलान्यास किया।

इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि मैं हरियाणा के देशभक्त लोगों को राम-राम करता हूं, जिन्होंने एक हैं तो सेफ हैं के मंत्र को अपनाकर उदाहरण पेश किया। उन्होंने राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर भी धन्यवाद किया।

पीएम ने कहा कि चुनाव दर चुनाव विरोधी परेशान हैं कि मोदी जीत कैसे रहा है। वे सिर्फ चुनाव के वक्त महिलाओं के लिए घोषणाएं कर राजनीति करते हैं। मेरे 10 साल में घर-घर शौचालय, उज्ज्वला स्कीम और हर घर नल जैसी योजनाएं नहीं देखते, जिससे मुझे माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है।

शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का नाम लिए बगैर पीएम ने कहा कि हम एमएसपी पर फसलें खरीद रहे हैं। अकेले हरियाणा में एमएसपी के तौर पर किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इससे



पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने 3 करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य रखा था, जिसमें से 1 करोड़ बनाई जा चुकी हैं। एलआईसी की इस नई योजना में 3 साल में 2 लाख बीमा सखी बनाएंगे।

पीएम जब मंच पर पहुंचे तो सीएम नायब सैनी ने उन्हें पराली से बनी हुई उनकी फोटो दी। मंच पर सीएम नायब सैनी के अलावा हरियाणा सरकार से सिर्फ 2 महिला मंत्रियों श्रुति चौधरी और आरती राव को जगह दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार किसानों के लिए भी ईमानदारी से काम कर रही है। हरियाणा में अब तक किसानों को एमएसपी के रूप में एक लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसके अलावा सूखा प्रभावित इलाकों में 800 करोड़ रुपए दिए हैं। आज मैं हरियाणा के सभी लोगों को फिर से भरोसा दे रहा हूं कि राज्य का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेजी से काम करेगी।

### पीएम बोले- महिलाएं अब घर की मालकिन बन चुकी हैं

उन्होंने कहा कि आज कल वे (कांग्रेस) लोग बड़े परेशान हैं कि मोदी को माताओं और बहनों का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। ये समझने के लिए उन्हें बीते दस सालों के सफर को याद करना होगा। दस साल पहले माताओं बहनों के पास कोई शौचालय नहीं था। गैस कनेक्शन नहीं था।

## दिल्ली के 40 स्कूलों में बम की धमकी

### मेल भेजकर मांगे 30 हजार डॉलर; डॉग-बम स्कॉड तलाशी में जुटे, बच्चों को घर भेजा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 40 स्कूलों को सोमवार सुबह ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें मदर मैरी स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल शामिल हैं। एहतियात के तौर पर सभी स्कूलों से बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बम ब्लास्ट करने की धमकी डीपीएस आरके पुरम को सुबह 7.06 बजे और जीडी गोयनका पश्चिम विहार को सुबह 6.15 बजे जबकि कुछ स्कूलों को कल रात मिली। इसके बाद पुलिस, डॉग स्क्वॉड, सर्चिंग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीमें वहां भेजी गईं। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। मेल भेजने वाले ने बम विस्फोट न करने के बदले 30 हजार अमेरिकी डॉलर मांगे हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मई 2024 में भी 150 से ज्यादा स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी से जुड़े ईमेल आए थे।

### रविवार रात को भेजा गया मेल

पुलिस का कहना है कि कई स्कूलों को यह मेल 8 दिसंबर को रात करीब 11:38 बजे भेजा गया। इसमें लिखा है, मैंने इमारत के अंदर कई बम लगाए हैं। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह से छिपे हुए हैं। इससे इमारत को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन विस्फोट होने पर कई लोग घायल हो जाएंगे। आप लोग इसी लायक हैं। अगर मुझे 30 हजार अमेरिकी डॉलर नहीं मिले, तो मैं बम विस्फोट कर दूंगा।

## राहुल ने मोदी-अडाणी का मुखौटा लगाए सांसदों का इंटरव्यू लिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में सोमवार को राहुल गांधी रिपोर्टर के रोल में दिखे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की। राहुल ने मोदी-अडाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए।

कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया है। सांसद मणिकम टैगोर ने गौतम अडाणी का और शिवाजीराव आढलराव पाटिल ने पीएम मोदी का मुखौटा पहना।

भाजपा सांसद बोले- राहुल ने पीएम के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि आज वरिष्ठ नेता संसद में मुखौटा पहनकर खड़े होते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं... वे देश के लोकतंत्र का



सम्मान करना नहीं जानते... हताश, निराश, थके हुए, अस्तित्वहीन नेताओं का समूह कांग्रेस बन गया है और इनसे जुड़ी विपक्षी पार्टियां भी धीरे-धीरे अलग हो रही हैं। इनको देश के उद्योगपति नहीं चाहिए, इन्हें विदेश के उद्योगपति चाहिए। इन्हें जॉर्ज सोरोस चाहिए जो भारत में अस्थिरता पैदा करें।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


## सीरिया छोड़ भागे असद को पुतिन ने दी पनाह

### तुर्किये 6 महीने पहले से जानता था विद्रोही तख्तापलट करेंगे; भारत बोला- हालात पर हमारी नजर

बढ़ता राजस्थान

**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद और उनके परिवार को राजीतिक शरण दी है। जबकि अमेरिका ने सीरिया में असद सरकार के पतन का स्वागत किया है। रूस के राष्ट्रपति आवास के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जानकारी दी है कि सीरिया के राष्ट्रपति को शरण देना पुतिन का निजी फैसला था। पेस्कोव ने कहा कि वह ये जानकारी नहीं देंगे कि असद को कहां ठहराया गया है। वहीं न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दावा किया है कि विद्रोहियों ने 6 महीने पहले ही तुर्किये को ये जानकारी दे दी थी कि वे असद का तख्तापलट करने वाले हैं।

दूसरी तरफ, असद सरकार के सहयोगी ईरान ने सीरिया में हुए तख्तापलट को लेकर हैरानी जताई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने रविवार को कहा, इस बात से हैरान हूं कि सीरियाई सेना, विद्रोहियों को रोक नहीं सकी, यह सब बहुत तेजी से हुआ।

अरागची ने यह भी कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति असद ने ईरान से कोई मदद नहीं मांगी थी। वहीं, भारत भी सीरिया के हालात पर नजर बनाए हुए है।

